

सत्ता की भूख ने बिगाड़ा राहुल गांधी का...

पेज- 8

# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की



मनोहर लाल की कथनी करनी में...

पेज- 7

■ वर्ष:1 ■ अंक: 29 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादकः सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ रविवार ■ 08 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


## रेवाड़ी और पानीपत में बनाए जाएंगे सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के स्मारक : मनोहर

### पूर्व सरकारें अपने या अपने पिता और दादा के नाम को आगे बढ़ाती थी

**शशिभूषण, भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सीएम मनोहर लाल ने कहा कि सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की स्मृति में पानीपत और रेवाड़ी में स्मारक बनाएं जाएंगे। संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत दोनों जिलों में चार से पांच एकड़ भूमि में यह स्मारक बनाए जाएंगे, जिससे सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की शौर्य गाथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा दे।वह आज नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की स्मृति में स्मारक डाक टिकट का विमोचन करने के बाद उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवु सिंह चौहान भी शामिल हुए। मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के माध्यम से महापुरुषों के जीवन परिचय और शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। पहले की सरकारों में अपने या अपने पिता और दादा के नाम को आगे बढ़ाया जाता था। सीएम ने कहा कि कहा कि हमारी सरकार में भगवान परशुराम, महर्षि कश्यप, संत कबीर दास, महर्षि वाल्मीकि, गुरु गोरक्षनाथ, धन्ना भगत, ज्योतिबा फुले, डॉ. भीमराव अंबेडकर और गुरु रविदास जयंती को राज्य स्तर पर मनाया जाता है। संत महापुरुषों को सम्मान देने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय दुधौला (पलवल), महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल, महाराणा प्रताप कृषि एवं बागवानी विश्वविद्यालय करनाल आदि अनेक संस्थान महापुरुषों के नाम पर खोले गए हैं।

इस अवसर पर सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक एवं मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में हेमचंद्र विक्रमादित्य अनोखा आरोही तथा एक अन्य पुस्तक का विमोचन भी किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की गौरवगाथा बताई गई।

### मुख्यमंत्री ने जारी किए डाक टिकट



### कौन थे सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य

6 अक्टूबर 1556 को अकबर की फौजों को हराकर दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाले सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य पहले हिंदू राजा थे। सात अक्टूबर 1556 को उनका राज्याभिषेक हुआ था। पानीपत की दूसरी लड़ाई के महानायक ने काबुल से कन्याकुमारी तक अखंड भारत का संकल्प लिया था।उन्होंने आदिल शाह सूरी के जनरल और वजीर पद पर रहते हुए 22 युद्ध लड़े और उनमें विजयी रहे। पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद हेमचंद्र विक्रमादित्य को अकबर के सेनापति बैरम खां ने धर्म परिवर्तन करने पर जान बख्शने की बात कही थी। इंकार करने पर उनका सिर कलम कर दिया गया।

### इतिहास को स्वदेशी नजरिए से देखने की जरूरत

मनोहर लाल ने कहा कि इतिहास को स्वदेशी नजरिए से देखने की जरूरत है। विदेशी नजरिए से तो हमें अनेक बार पराजित ही दिखाया जाता है। वर्ष 1761 में हुए पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठा सेना के हजारों सैनिकों को कुर्बानी देनी पड़ी थी। लेकिन, उन वीरों ने विदेशी हमलावर अहमदशाह अब्दाली को मानसिक रूप से तोड़ने का कारनामा भी कर दिखाया था। इसलिए 1761 में पानीपत के तीसरे युद्ध के परिणाम पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है।

## हरियाणा में एससी कर्मियों को प्रमोशन में मिलेगा आरक्षण

### ग्रुप ए-बी कैडर में 20 प्रतिशत लाभ दिया जाएगा

**भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ग्रुप ए और बी के पदों के सभी कैडर में अनुसूचित जाति यानि एससी के कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव संजीव कौशल इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

सरकार की इस नई पॉलिसी के तहत अब हरियाणा में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के लिए प्रमोशन कोटा के लिए स्वीकृत पदों में से 20प्रतिशत आरक्षित रखा जाएगा।

बता दें कि किसी कैडर में सर्वोच्च पदोन्नति वाले पद को छोड़कर, ग्रुप ए और बी के सभी पदों पर आरक्षण लागू होगा।

सर्वोच्च पदोन्नति पद के लिए लागू सेवा नियमों के अनुसार वरिष्ठता को ध्यान में रखा जाएगा।



### सरकार ने दी एक राहत और

गैर-एससी कर्मचारी जिन्हें पहले ही समूह ए या समूह बी पदों पर पदोन्नत किया जा चुका है, उन्हें 20 प्रतिशत आरक्षण को पूरा करने के लिए वापस नहीं किया जाएगा, लेकिन पदोन्नति कोटा पद उपलब्ध होने पर कमी को संबोधित किया जाएगा।अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को प्रमोशन से वंचित नहीं किया जाएगा, भले ही 20 प्रतिशत आरक्षण सीमा पूरी हो गई हो या वरिष्ता और योग्यता के आधार पर उनकी पदोन्नति पर पूरी हो जाएगी।

### पदोन्नति पद उपलब्ध होने पर मिलेगा प्रमोशन लाभ

हरियाणा सरकार की ओर से लाभ लेने के लिए न्यूनतम पद की शर्त लगाई गई है। इसके अनुसार प्रमोशन लाभ तभी स्वीकार्य होगा जब दो या अधिक पदोन्नति पद उपलब्ध हों। इसके साथ ही मंजूर पदों की कुल संख्या को ध्यान में रखते हुए, आरक्षण कैडर-वार लागू किया जाएगा। खास बात यह रहेगी कि विभागीय पदोन्नति समिति और ग्रुप ए या बी प्रमोशन के लिए कंपीटेंट अथॉरिटी प्रमोशन पदों पर एससी कर्मचारियों के करंट रिप्रेजेंटेशन का निर्धारण करेंगे। यदि प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से कम होगा, तो प्रमोशन कोटा पद उपलब्ध होने पर कमी को दूर किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### पलवल में दुष्कर्मी पिता को सुनाई गई फांसी की सजा

**पलवल।** बहीन थाना क्षेत्र में अपनी नाबालिग बेटी से 3 वर्ष तक रेप और गर्भवती करने के मामले में अदालत ने पिता को फांसी की सजा सुनाई है। उसे 15 हजार रुपए का जुर्माना भी अदा करना पड़ेगा है। इस केस की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) प्रशांत राणा की कोर्ट में हुई। इसके साथ ही, कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश दिए कि पीड़ित लड़की को साढ़े 7 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। लड़की फिलहाल एनजीओ के पास है। उसने एक बच्चे को भी जन्म दिया था, जिसे जरूरतमंद को गोद दे दिया गया था। सरकारी वकील हरकेश कुमार ने बताया कि अक्टूबर-2020 में एक व्यक्ति ने अपनी ही सगी नाबालिग 17 वर्षीय बेटी के साथ 3 वर्ष तक रेप किया। उसके गर्भवती होने पर मामले का पता चला। महिला थाना पुलिस ने लड़की के पिता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसको गिरफ्तार किया था। जब किशोरी के पेट में पल रहे बच्चे का डीएनए टेस्ट कराया तो वह उसके पिता से मिल गया था गौरतलब है कि ने पीड़ित किशोरी ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मां की 4 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। इसके एक साल बाद उसका पिता उसके साथ छेडछाड़ करने लगा था।

### पेड़ पर लटका मिला पाकिस्तान के राजनीतिक दल का झंडा

**यमुनानगर।** बसातियांवाला गांव के एक पेड़ पर लटका पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी का झंडा लटका मिलने चर्चा का दौर शुरू हो गया। यह झंडा यहां कैसे आया इस लोगों ने कई सवाल उठाने शुरू कर दिए। इस झंडे पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जन्मदिन की बधाई लिखी हुई है। झंडे को नीचे उतारने पर पुलिस को सूचना दी। इस पर इमरान खान हैप्पी बर्थडे और तुम जीओ हजारों साल उर्दू में लिखा है। पुलिस ने अनुमान लगाया है कि यह झंडा उन्हीं की पार्टी का हो सकता है। बताया गया कि बसातियांवाला गांव के सुखबीर व रामेश्वर के खेत मलिकपुर खादर में हैं। वह शनिवार को अपने खेतों में पहुंचे तो उन्हें पॉपुलर के पेड़ों पर हरे व लाल रंग का कपड़ा लटका मिला। धीरे-धीरे यह खबर पूरे गांव में फैल गई।

### मौसम में बदलाव के लिए रहें तैयार

**चंडीगढ़।** मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में दो दिन बाद बारिश के आसार बन रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 8 अक्टूबर की रात से ही मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। 9 अक्टूबर को हरियाणा के सभी जिलों में बारिश होने की पूरी संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों तक दिन के तापमान में कोई बदलाव नहीं होने की आशंका व्यक्त की गई है। रात के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। खास बात यह है कि महेंद्रगढ़ जिले की रातें अब तक सबसे ठंडी रिकॉर्ड की गई हैं। यहां का तापमान गिरकर 17 डिग्री तक पहुंच गया है। राज्य में वैसे भी हल्की-हल्की ठंड की शुरुआत हो चुकी है। मौसम में बदलाव का असर सुबह और शाम के समय महसूस किया जाता है। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी से अब राहत मिलेगी।

### नूंह में केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा

## खराब ट्रक से टकराया कोयले से भरा दूसरा ट्रक, तीसरा फ्लाइओवर से गिरा, चार की मौत

**आस महोम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। हरियाणा के नूंह जिले से गुजर रहे कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह रोजकामेव थाना क्षेत्र अंतर्गत खोड़ बसई गांव समीप बड़ा हादसा हो गया। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा एक खराब ट्रक के चलते हुआ। ट्रक को खड़ा कर इसका ड्राइवर और सहायक ठीक कर रहे थे। इसी बीच एक्सप्रेस-वे पर यहां ढलान अधिक और मोड़ होने के चलते तेज गति से आ रहे कोयले से लदे ट्रक ड्राइवर को आगे खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया। पीछे से वह खराब ट्रक में घुस गया। वहीं उस ट्रक से भी एक और ट्रक टकरा गया। एक ट्रक के चालक ने ब्रेक लगाए, लेकिन ढलान होने के चलते वाहन नहीं रुका तो उसने डिवाइडर पर चढ़ा दिया। इससे ट्रक फ्लाईओवर से नीचे गिर गया।



इस ट्रक के ड्राइवर व सहायक की मौत हो गई। पीछे से घुसे कोयले से लदे ट्रक के भी ड्राइवर और सहायक की भी इस हादसे में मौत हो गई। वहीं सूचना मिलते रोजकामेव थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची और चारों के शव कब्जे में ले लिए। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे के बाद वाहनों के भिड़ने से ट्रैफिक जाम हो गया। वाहनों को क्रेन से हटाया जा रहा है।

### इस्राइल पर गाजा ने दागे रॉकेट, 40 की मौत, हजारों घायल

## मुश्किल घड़ी में हम इजरायल के साथ : मोदी

**तेल अवीव, एजेंसी**

गाजा ने इजराइल पर कई रॉकेटों से हमला बोला है। अब तक मिली रिपोर्ट के अनुसार सीमावर्ती शहरों में आतंकवादियों के घुसने की जानकारी दी गई है। हमला होते ही इजराइल में आने वाली आग की चेतावनी देने वाले सायरन बजने शुरू हो गए थे।स्थानीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 06.30 बजे गाजा में कई स्थानों से रॉकेट दागे गए। इस हमले में 44 लोगों की मौत हो गई है।

इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को युद्ध बताते हुए कहा कि हमास आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया है। हम युद्ध के लिए तैयार हैं और उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।



इजरायल डिफेंस एंड सिक्योरिटी फोरम के सलाहकार डैनियल सीमैन ने बताया कि सुबह 6.30 बजे के आसपास हमास ने एक हजार से अधिक रॉकेट इजरायल की ओर दाग गए। उन्होंने इजरायल की सैन्य चौकियों पर हमला किया और उनके सैनिकों की हत्याएं की। साथ ही हमास आतंकियों ने कई लोगों को बंधक भी बनाया। उन्होंने दावा किया कि जो रॉकेट इजरायल पर दागे गए हैं वो ईरान से मिले थे। इजराइल के अस्पतालों में कम से कम 2000 घायल हुए लोगों का इलाज चल रहा है।

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

हमास आतंकियों के इस हमले को लेकर भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है।

इससे पहले इजाराली सेना ने देश के दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में एक घंटे से अधिक समय तक सायरन बजाकर आम जनता को चेतावनी दी। जनता को चेतावनी दी। सुरक्षाबलों और स्थानीय प्रशासन की तरफ से अपील की गई है कि जनता बम शेल्टर यानी बंकरों में शरण ले। सेना का कहना है कि गाजा पट्टी से कई आतंकवादियों ने इस्राइली क्षेत्र में घुसपैठ की है।

## एशियाई खेलों में भारत ने 100 पदकों का लक्ष्य किया पार

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके भारत ने आठवें दिन जीते 15 पदक

**हांगझोऊ, एजेंसी।**

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करकेभारत ने एशियाई खेल 2023 में 107 पदक जीते हैं। पहली बार एशियाई खेल के किसी एक संस्करण में 107 पदक जीते गए हैं। इससे पहले एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 पदक था, जो 2018 में जीते गए थे। एशियाई खेल के लिए खिलाड़ियों को रवाना करते हुए खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस बार 100 पार का नारा दिया था और खिलाड़ियों ने इसे भी पार करके दिखा दिया है।

बता दें कि भारत ने आज 6 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। भारत को आर्चरी में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मिला। जबकि, क्रिकेट में 1, कबड्डी में 2 और बैडमिंटन में 1 गोल्ड हासिल हुआ। विमेंस हॉकी टीम ने 1 ब्रॉन्ज जीता।वहीं, रेसलर दीपक पुनिया ने 1 सिल्वर और चेस मेंस और विमेंस टीम ने 2 सिल्वर दिला कर कैंपेन फिनिश किया।

शतरंज में भारतीय पुरुष टीम ने सिल्वर मेडल जीता। विदित, अर्जुन और हरिकृष्ण पी ने फिलीपींस के खिलाफ राउंड 9 के अपने-अपने मैच जीते। 9 राउंड के खेल के बाद भारत दूसरे स्थान पर रहा। ईरान की टीम ने गोल्ड जीता। विमेंस टीम ने भी सिल्वर मेडल जीता।



### हरियाणा ने फिर जमाई धाक

एशियाई खेलों में हरियाणवी खिलाड़ियों ने अपना जोरदार प्रदर्शन किया है।भारत की ओर से पदकों का शतक लगाने में उनका विशेष योगदान रहा। कबड्डी की महिला टीम ने भी सुनहरा प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है और एशिया में अपनी धाक जमाई है। महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे की टीम को कड़े मुकाबले में 26-25 से मात दी। कबड्डी टीम में सोनीपत की 3 खिलाड़ियों ने भी शानदार योगदान दिया है।

### पहलवान अंतिम पंघाल को मोदी की बधाई

**नई दिल्ली:** एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली पहलवान अंतिम पंघाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि पूरे राष्ट्र को अंतिम पंघाल पर गर्व है। हमेशा चमकते रहना और दूसरों को भी प्रेरणा देते रहना।बता दें कि फ्री स्टाइल 53 किलोग्राम भारवर्ग में महिला कुश्ती स्पर्धा में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक जीता है।पंघाल ने मंगोलिया की वर्ल्ड चैंपियन बैट-ओचिर बोलोरतुया को 3-1 से हराया। वह हिसार की रहने वाली हैं।

### बीरेंद्र सिंह के बारे में धनखड़ ने कही बड़ी बात

## उन्हें अपनी सीट की दिक्कत है, इसलिए जेजेपी से गठजोड़ तोड़ने या भाजपा छोड़ने की धमकी दी है

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सीनियर भाजपा नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह की धमकी पर खुल कर बात कही है। चौधरी बीरेंद्र सिंह घोषणा कर चुके हैं कि उनकी जजपा को लेकर अपनी सीट के लिए यह लड़ाई है। धनखड़ ने कहा कि बीरेंद्र सिंह की यह पहली रैली नहीं थी वह तो हर साल रैली करते हैं। यह नई बात नहीं है,उनका ऐसा रवैया पहले भी कई बार दिख चुका है। गौरतलब है कि हाल ही में बीरेंद्र सिंह ने जींद में मेरी आवाज सुनो रैली के दौरान सिंह ने कहा था कि अगर अगले चुनाव में भी भाजपा ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला कि जननायक जनता पार्टी से गठबंधन किया तो वह भाजपा को अलविदा कह देंगे। बता दें कि उचाना वही विधानसभा सीट है, जहां से मौजूदा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चुनाव जीता था। उन्होंने इस सीट से भाजपा की उम्मीदवार और चौधरी बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेम लता को 47452 वोटों से मात दी थी। इसके बाद फिर डिप्टी सीएम ऐलान कर चुके हैं कि वह उचाना से ही चुनाव लड़ेंगे।जाहिर है कि 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव के में जेजेपी भाजपा से उचाना सीट मांगेगी। यही कारण माना जा रहा है कि चौधरी बीरेंद्र सिंह लगातार पार्टी लाइन से अलग चल रहे हैं।



### उचाना के अलावा दूसरी चिंता

चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे अभी हिसार सीट से भाजपा के सांसद हैं। इस बार 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इस सीट से कुलदीप बिश्नोई अपना दावा ठोक सकते हैं। कुलदीप भी कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए हैं। हिसार की आदमपुर सीट से उनके बेटे भव्य बिश्नोई विधायक हैं। हिसार और राजस्थान में बिश्नोई का आधार देख उनका दावा भारी पड़ सकता है। ऐसे में चौधरी बीरेंद्र सिंह को यह सीट भी जाने की चिंता है। उनके बेटे हिसार से सांसद हैं। माना जा रहा है कि भाजपा के साथ दबाव बना रहे हैं।

## पटौदी कोर्ट में पेश करके मोनू मानेसर को चार दिन के रिमांड पर लिया

**भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। नासिर और जुनैद हत्याकांड के मामले में राजस्थान की अजमेर जेल में बंद गौरक्षक मोनू मानेसर को शनिवार को प्रोडक्शन वारंट पर हरियाणा लाया गया। मोनू मानेसर को लेकर हरियाणा पुलिस गुरुग्राम के पटौदी पहुंची। यहां मेडिकल के बाद पुलिस ने पटौदी कोर्ट में मोनू को पेश किया। राजस्थान की अजमेर जेल से हरियाणा के गुरुग्राम लाए गए मोनू मानेसर पर हरियाणा पुलिस का शिकंजा कस गया है। पुलिस ने पटौदी कोर्ट में पेश करके उसको 4 दिन के रिमांड पर लिया है। फरवरी में दर्ज हुए हत्या के प्रयास के मामले के अलावा कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस से वीडियो कॉल पर हुई उसकी बातचीत को लेकर पुलिस मोनू मानेसर से पूछताछ कर राज उगलवाएगी।



बता दें कि दूसरा मामला, 7 फरवरी को गुरुग्राम के कस्बा पटौदी में हुई फायरिंग से जुड़ा है। यहां की एक लड़की ने दूसरे समुदाय के लड़के के शादी कर ली थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच काफी तनाव हुआ और उसमें मोनू मानेसर भी अपनी टीम के साथ पहुंच गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से फायरिंग हुई और इसमें मोइन नाम के एक युवक को गोली लग गई। इसमें भी मोनू मानेसर ही फायरिंग का आरोप लगा। हालांकि बाद में मोनू ने फायरिंग के आरोपों को नकारते हुए दूसरे पक्ष पर ही गाड़ियों में तोड़फोड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया था।

### गृहमंत्री बोले | जातिगत जनगणना को चुनावी खेल बताते हुए देश को टुकड़ों में बांटने का प्रयास कहा

## भ्रष्टाचार में डूबी आम आदमी पार्टी : अनिल विज

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

अंबाला। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की शराब घोटाले मामले में गिरफ्तारी के बाद हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी घोटाले की पार्टी करार दिया है। विज ने कहा कि ये पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का नारा देकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब खुद भ्रष्टाचार में डूब गई। अगर किसी भी पार्टी के बड़े नेता लगातार भ्रष्टाचार के मामले में जा रहे हैं तो लोगों को सोच लेना चाहिए की ये पार्टी कौन से गोल और टारगेट लेकर सत्ता में आई थी। विज ने कहा कि आप लगातार आरोप लगाती है कि उन्हें जबरदस्ती जेल में डाला जा रहा है। कोर्ट ने उनका रिमांड दिया वो क्यों दिया कोर्ट उनकी बेल पिछले 7 -8 महीने से एप्लीकेशन रिजेक्ट कर रहा है। क्या इस पार्टी को देश की किसी भी व्यवस्था पर भरोसा नहीं है ?

### उग्रवादियों को पनाह देने वाले करते हैं अमन की बात

विज ने महबूबा मुफ्ती के बयान पर पलटवार किया है। विज ने कहा कि देश का अमन और चैन छीनने वाले लोगों के मुंह से ये शब्द शोभा नहीं देते। दुर्भाग्यपूर्ण बात तो यह है कि यह शब्द उस नेता के मुंह से आ रहे हैं, जिन्होंने न जाने कितने ही उग्रवादियों को पनाह दिया। आजादी के बाद से श्रीनगर में कितने ही कत्ल हुए हैं आज वह लोग महात्मा गांधी और गोडसे की बात करते हैं, जिन्होंने देश का अमन और चैन छीन रखा है।

### कांग्रेस पर भी साधा निशाना



उन्होंने बिहार की तर्ज पर राजस्थान में भी जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर कहा कि देश को एकजुट करने के बजाए उसको अलग-अलग हिस्सों में बांटने का प्रयास है। जातिगत जनगणना कराए जा रहे हैं इसकी प्रमाणिकता क्या है ? इसका मतलब तो ये हो गया कि सरकार के हाथ में एक रजिस्टर आ गया। जिसको चाहे वो जिस जाति में डाल दें। इसकी कोई प्रमाणिकता नहीं है और क्या संसेज में आ कर ही लोगों को लाभ मिलेगा ?

### केजरीवाल पहले से ही घोटालों की जानकारी दें

सीएम अरविंद केजरीवाल के देश में डर का माहौल वाले बयान का पलटवार करते हुए विज ने कहा की घोटालों की बाप पार्टी आप के नेता अरविंद केजरीवाल हैं। उन्हें पता है कि उन्होंने कौन-कौन से घोटाले किए हैं। ऐसा कहकर वो ये जता रहे हैं कि केंद्र में जो सरकार है वो एक भी घोटालेबाज को छोड़ेगी नहीं। उन्होंने जो भी घोटाले किए हैं खुद ही समय पर बता दें, इससे हमारा और उनका दोनों का समय बचेगा।

## खबर फटाफट

### आज लगेगा शहर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**सोहना :** आशियाना अनमोल होम्स सोसायटी सभागार प्रांगण में रविवार को सूरज स्वास्थ्य केन्द्र तथा पारस अस्पताल के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर आंखों के साथ-साथ दांतों की भी जांच विशेष रूप से की जाएगी। सूरज स्वास्थ्य केन्द्र के निर्देशक डाक्टर राशिद खान की माने तो आशियाना अनमोल होम्स सोसायटी में रहने वाले सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, आशियाना अनमोल होम्स सोसायटी आरडब्लयूए के प्रधान रामगौतम, स्थानीय श्री सिंह गुरूद्वारा समिति में उपाध्यक्ष और नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन अमृत सिंह बागड़ी, गुरूबचन सिंह,जगत सिंह 'जगत', सुजान सिंह, रघुबीर सिंह, जसवंत सिंह बागड़ी, नेकी पहाड़िया, राजकुमार सावरिया, जसबीर बागड़ी आदि ने बताया कि इस शिविर में आने वाले रोगियों की मुफ्त जांच पारस अस्पताल से आए रोग विशेषज्ञ चिकित्सक तथा सूरज स्वास्थ्य केन्द्र के निर्देशक डाक्टर राशिद खान समेत मौजूद डाक्टरों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जांच पूरी तरह मुफ्त में की जाएगी। युवा समाजसेवी इंजीनियर कार्तिक शरण बागड़ी टीम की तरफ से आशियाना अनमोल होम्स सोसायटी तथा आसपास लगते गांवों में इसका प्रचार भी कराया गया है।

### सरकारी योजनाओं का लाभार्थी उठाएं लाभ :यादव



**सोहना :** हरियाणा में जन सूचना आयुक्त रहे व सेवानिवृत्त एचसीएस अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव ने शनिवार को सोहना के गांवों का दौरा कर लोगों की जनसमस्याएं जानी और भरोसा दिया कि वह संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर इन समस्याओं का तत्परता से निवारण कराएंगे। इस मौके पर उन्होंने लोगों से जागरूक बनने का आह्वान किया और कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की तरफ से जनहित में जो योजनाएं चलाई जा रही है, उन योजनाओं से प्रत्येक लाभार्थी को लाभ उठाना चाहिए। इससे पूर्व गांवों में पहुंचने पर यादव का ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर शानदार स्वागत किया।

### अग्रोहा धाम मेले में लेंगे बढ़-चढ़कर हिस्सा : अग्रवाल

**सोहना :** यहां पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रहे सेठ विजय अग्रवाल तथा अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान रोहित गर्ग की अगुवाई में समाज के लोगों ने बाजार में शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर अग्रवाल समाज के लोगों को सपरिवार 29 अक्टूबर को अग्रोहा धाम चलने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि अग्रोहा धाम में रविवार, 29 अक्टूबर को महामंडलेश्वर ब्रर्हर्षि श्रीकुमार स्वामी के सानिध्य में जुड़ने वाले विशाल वार्षिक मेले में उनकी अगुवाई में सोहना क्षेत्र का अग्रवाल समाज बढ़-चढ़कर शिरकत करेगा। उन्होंने बताया कि अग्रोहा धाम वार्षिक मेले में उड़ीसा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल तथा पूर्व राज्यसभा सांसद डाक्टर सुभाष चंद्रा को मुख्यमंत्री रूप में आमंत्रित किया गया है। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंगदास गर्ग की अध्यक्षता में होने वाले इस समारोह में विशेष आमंत्रण पर आने वाली भजन सम्राट अंजलि त्रिवेदी भजनों के माध्यम से अग्र समाज का गुणगान करेगी। जनसंपर्क के दौरान अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान लाला जयप्रकाश सर्राफ, गल्ला आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान महेश आर्य, लाला यादराम अटारिया, सेवानिवृत्त अधिकारी प्रहलाद गुप्ता, डाक्टर महेश गोयल, संजीव गुप्ता सर्राफ, रेडीमेड कारोबारी अशोक गर्ग, अग्रवाल सभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

### प्राचीन गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड पर आयोजित हुआ भंडारा

सोहना : शनिवार को ऐतिहासिक व धार्मिक स्थली प्राचीन गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड परिसर में मित्र मंडल सेवा समिति के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आयोजनकर्ताओं और उनके कुटुंब के परिजनों, मित्र मंडली, सहयोगियों, स्वयंसेवकों तथा आमंत्रितजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए हाथ बंटाया। भंडारे से पूर्व श्री हनुमान मंदिर में हवन-यज्ञ एवं पूजा पाठ भी की गई। भंडारे में शामिल राजेन्द्र कुमार, बृजभूषण गोयल, हरीश गर्ग, श्रीशिवकुंड कमेटी के पूर्व प्रधान आदर्श गुप्ता तथा व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी, राजेश राघव, रिंकू आदि ने बताया कि धार्मिक प्रवृत्ति वाले लोगों ने अपना एक समूह बनाया हुआ है, जो मित्र मंडल सेवा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक शनिवार को ऐतिहासिक व धार्मिक स्थली प्राचीन गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड परिसर में कढ़ी-चावल का भंडारा चलाते है तो कभी पूड़ी-सब्जी तो कभी छोले-चावल का भंडारा चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि भंडारे में आमंत्रितों और प्रमुखजनों समेत शहर के अलावा आसपास लगते गांवों से आए आमंत्रितों ने बड़ी तादाद में हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

### आज होगी बाबा सांईराम की भजन संध्या और भंडारा

**सोहना:** रविवार यानि 8 अक्टूबर को प्रेम सेवा कुटीर आश्रम में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित होने वाली सांईराम भजन संध्या और विशाल भंडारे आयोजन को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भजन संध्या में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के जनसैलाब को नियंत्रित करने तथा भंडारे आयोजन को लेकर प्रमुख लोगों की अगुवाई में अलग-अलग उपसमितियां बनाई गई हैं। देखने में आ रहा है कि बाबा साई भजन संध्या और भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर दूर-दूराज स्थानों और प्रदेशों से श्रद्धालु बाबा सांई भजन संध्या और भंडारे की पूर्व संध्या पर यहां आकर अपने परिवारों के साथ धर्मशालाओं, पर्यटन निगम के काम्पलेक्स, लाज आदि में ठहरे हुए है तो शहर के लोगों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। सांई बाबा के परम भक्त जगन्नाथ गोदारा ने बताया कि बाबा प्रेम भगत की स्मृति में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रेम सेवा कुटीर आश्रम में 8 अक्टूबर को साई बाबा की भजन संध्या का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में प्रातः आठ बजे ज्योति प्रचंड की जाएगी।

नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी ने की घोषणा

# दिवाली पर एलईडी लाइटों से जगमग होगा शहर

## 1600 नई ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइटें खरीदे जाने का निर्देश दिया

**इन लाइटों की 5 वर्ष की गारंटी के साथ-साथ देखरेख की जिम्मेदारी भी संबंधित एजेंसी की होगी**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** नगरपरिषद प्रशासन ने शहर के बाजार और विभिन्न वार्डों तथा गली-मोहल्लों में रात के वक्त स्ट्रीट लाइटें ना जलने से बने अंधियारे को दूर करने और रात में शहर को जगमग बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने शुरू कर दिए है।

नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी तथा नगरपालिकापरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा नेता लेखराज ने बताया कि स्थानीय निकाय विभाग ने सोहना नगरपरिषद प्रशासन को दीवाली के उपलक्ष्य में 1600 नई ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइटें खरीदे जाने का निर्देश दिया है ताकि हर वार्ड व बाजार में यह स्ट्रीट लाइटें लगाकर रात के वक्त बने अंधियारे को दूर किया जा सके।

उन्होंने बताया कि लाखों रुपए की लागत से यह लाइटें सूर्या एजेंसी से खरीदी जाएगी। जिनकी 5 वर्ष की गारंटी के साथ-साथ देखरेख की जिम्मेदारी भी संबंधित एजेंसी की होगी। इस दौरान कोई लाइट खराब होगी तो वह एजेंसी की तरफ से तुरंत प्रभाव से ठीक की जाएगी अथवा बदलकर नई लगाई जाएगी। खुशी की बात ये है कि यह लाइटें पूरी तरह ऑटोमैटिक होगी, जो दिन छिपते ही अपने आप जलेगी और अगले दिन उजियारा होते ही अपने आप बंद होगी। इन लाइटों को जलाने अथवा बंद करने के लिए किसी कर्मचारी की तैनाती नही की जाएगी और प्रत्येक वार्ड पार्षद को यह आधुनिक स्ट्रीट लाइटें अपने वार्ड में लगाए जाने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने बताया कि नगरपरिषद प्रशासन जल्द ही इन ऑटोमैटिक लाइटों को खरीदने वाली योजना को सिरे चढ़ाने जा रही है। नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी तथा नगरपालिकापरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा नेता लेखराज के अनुसार अभियान के शुरूआती चरण में शहर के सभी वार्डों में 75-75 ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएगी। बाजारों, प्रमुख चाक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी अंधेरा दूर करने के लिए ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइटें लगाने पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होने साफ कहा कि विकास कार्यों के मामले में पैसे की कमी तनिक भी आड़े नही आने दी जाएगी लेकिन विकास कार्यों की आड़ में कोई भी धांधली, अंधेरगर्दी सहन नहीं होगी और ना ही किसी भी सामान खरीद व विकास कार्य में सामान की गुणवत्ता से कोई समझौता होगा। निर्धारित मानकों के आधार पर निर्माण कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

इस मोके पर युवा समाजसेवी अमन लेखराज, नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, नगरपार्षद पहलवान ओमप्रकाश नून्ने, नगरपार्षद राकेश कुमार रोहिल्ला, नगरपार्षद मुकेश मोगली, नगरपार्षद नीरज कुमार, नगरपार्षद राखी बागड़ी के प्रतिनिधि सरदार गुरूचरण सिंह, नगरपार्षद निर्मला सैनी के प्रतिनिधि रूपचंद सैनी समेत विभिन्न वार्डों के नगरपार्षद तथा भाजपा के स्थानीय नेता मौजूद रहे।



### क्या खास होगा इन लाइटों में

यह लाइटें पूरी तरह ऑटोमैटिक होगी, जो दिन छिपते ही अपने आप जलेगी और अगले दिन उजियारा होते ही अपने आप बंद होगी। इन लाइटों को जलाने अथवा बंद करने के लिए किसी कर्मचारी की तैनाती नही की जाएगी और प्रत्येक वार्ड पार्षद को यह आधुनिक स्ट्रीट लाइटें अपने वार्ड में लगाए जाने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने बताया कि नगरपरिषद प्रशासन जल्द ही इन ऑटोमैटिक लाइटों को खरीदने वाली योजना को सिरे चढ़ाने जा रही है।

# कॉलेज परिसर में अजगर मिलने से दहशत

**13 फुट लंबा था अजगर,छात्र-छात्राओं ने सैल्फी भी ली**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना।** शनिवार को शहर में नूंह रोड़ स्थित निरंकारी बाबा गुरूबचन सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज परिसर में करीब 13 फुट लंबा और पौने एक फुट मोटा अजगर देख छात्र-छात्राओं की घिग्गी बंध गई और किसी ने तुरंत कॉलेज प्राचार्य को कॉलेज परिसर में जिंदा अजगर होने से अवगत कराया। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर एमएस खत्री ने कॉलेज परिसर में जिंदा अजगर को देख वन्य जीव प्राणी विभाग को सूचना दी। वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम मौके पर आ गई लेकिन घेराबंदी के बावजूद अजगर वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम के गिरफ्त में आने की बजाय घनी और कंटीली झाड़ियों के बीच घुस गया।

कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम ने अजगर के इर्द-गिर्द घेरा बनाकर उसे एक जूट के बोरे में भर लिया और बताया कि वह इस जिंदा अजगर को सुरक्षित बचाए रखने के लिए सोहना की पहाड़ियों के घने जंगल में छोड़ेंगे ताकि कोई भी प्राणी इसे हानि ना पहुंच पाए। दहशत में भी मौके पर छात्र-छात्राओं का हुजूम जमा हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज कॉलेज में पढ़ाई हो रही थी। पीरियड खत्म होने पर जैसे ही विद्यार्थी कक्षा से निकलकर कॉलेज परिसर में आए, तभी जैसे ही छात्र कॉलेज परिसर के मैदान की तरफ गए, तभी अचानक उनमें से एक छात्र की निगाह मैदान के समीप झाड़ियों के पास बने गढ्ढे पर पड़ी, उसमें अजगर था। अजगर को देखते ही छात्र-छात्राओं ने शोर मचाया। मौजूद छात्र-छात्राओं के शोर को सुन कॉलेज स्टॉफ घटनास्थल पर आ गया और तुरंत कॉलेज प्राचार्य को कॉलेज परिसर में जिंदा अजगर होने की जानकारी दी।

कॉलेज प्राचार्य डाक्टर एमएस खत्री ने अपने मोबाइल से नेट पर सर्च कर तुरंत करके इसकी सूचना दी। वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम जानकारी पाकर तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। इसी बीच हिम्मत करके कई छात्रों ने अपने मोबाइल में अजगर की चंद सैकेंडों की वीडियो भी बना ली। कुछ ही देर में वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और शोर-शराबा कर रहे छात्र-छात्राओं को दूर हटाते हुए अजगर को पकड़ने का प्रयास किया।

### पहले भी पकड़ा गया था 10 फुट का अजगर

शहरी क्षेत्र के वार्ड-दो के तहत लगने वाले गांव धुनेला स्थित 2 विश्वविद्यालय परिसरों में भी कई बार जिंदा व मोटे तथा लंबे अजगर मिले तो उससे पहले सोहना के गांव करणकी खेड़ली में नहर के पास 10 फुट लंबा भारी भरकम अजगर पाया गया था। नहर के पास अपने खेत में काम करने गया एक किसान वहां करीब 10 फुट लंबा अजगर देख मौके पर डर गया। उसने गांव में पहुंचकर नहर के पास अजगर होने की सूचना दी। लोग इकट्ठे होकर बताए गए स्थान पर पहुंचे लेकिन वे काफी देर तक उसे ढूंढते रहे, पर भी वह कहीं दिखाई नहीं पड़ा। थक हार कर वे वहां से वापिस चले गए। अगले दिन जब गांव के बच्चे नहर किनारे खेल रहे थे, तभी उनमें से एक बच्चे की निगाह नहर के पास पड़े अजगर पर जा पड़ी। इससे डर के कारण उसकी चीख निकल गई। चीख को सुनकर बीच अन्य बच्चे भी वहां पहुंचे, लेकिन भारी भरकम अजगर को देख बच्चे डर गए। वे तुरंत गांव की तरफ दौड़ पड़े। नहर के पास अजगर मिलने की जानकारी पाकर गांव के लोग पुनः घटनास्थल पर पहुंचे और बताए गए स्थान पर अजगर को लेटा पाया। ग्रामीणों ने आपस में सलाह-मशविरा कर अजगर को मारने की बजाय जिंदा पकड़ने की योजना बनाई और उसे पकड़ लिया,गहरे जंगलों में छोड़ दिया गया।

### आसानी से नहीं पकड़ा गया

मजे की बात यह रही कि शोर मचने और भीड़ को जमा होते देख कर अजगर तेज निकला और वहां खड़ी गहरी कंटीली झाड़ियों के बीच जा घुस गया। हालांकि वन्य जीव प्राणी विभाग की कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर के इर्द-गिर्द घेरा बनाकर उसे एक जूट के बोरे में भर लिया। गांव से काफी तादाद में खाली बोरियां वहां पर मंगा ली। उनकाा एक बड़ा बोरा बनाया गया। उसे उछालकर अजगर के ऊपर डाल दिया। अजगर रेंगता-रेंगता बोरे के भीतर घुस आया। तब ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए बोरे का मुंह तेजी से बंद कर बांध दिया। उस वक्त सूचना पाकर वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम पकड़े गए अजगर को अपने साथ ले गई। तब वन्य जीव प्राणी विभाग की टीम ने जिंदा पकड़ में आए अजगर को अरावली पर्वत की पहाड़ियों में छोड़ दिया था। जिसके बाद यहां जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के समीप सड़क किनारे करीब 13 फुट लंबा भारी भरकम अजगर जिंदा रूप में होने की जानकारी पाकर लोगों में दहशत का माहौल था।छात्र-छात्राओं की तो घिग्गी बंध गई।

# डीटीपी का घेराव करके जताया गुस्सा

**प्लाट के आसपास किए गए निर्माणों को तोड़ना तो दूर छेड़ा तक नहीं गया और पांच महीनों में तीसरी बार की गई कार्रवाई पर रोष जताया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां पर वार्ड-5 के तहत फ्रेंडस कॉलोनी में एक प्लाट की चारदीवारी तोडने आए डीटीपी को प्लाट की चारदीवारी उस वक्त महंगा पड़ गया, जब प्लाट की चारदीवारी को पीले पंजे की मदद से तुड़वाकर वापिस लौट रहे डीटीपीई को गुस्साए वकीलों और व्यापारियों ने घेर लिया और उन पर राजनीतिक दबाव में तोडफ़ोड़ की कार्रवाई को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए प्रश्न दागने शुरू कर दिए।

डीटीपीई के सामने गुस्साए लोग यह आरोप लगाने से नहीं चूके कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जगह-जगह अवैध कॉलोनियां कट रही है। वह तो नगर योजनाकार विभाग और डीटीपीई को नजर नहीं आ रही है लेकिन डीटीपीई ना जाने किस दबाव में आकर पांच महीने में ही तीसरी बार सोहना शहर में एक भाजपा नेता की चारदीवारी को तोड़ने पहुंच गए। लोगों ने डीटीपीई से यह भी जानना चाहा कि इस प्लाट के आसपास किए गए निर्माणों को तोड़ना तो दूर छेड़ा तक नहीं गया तो फिर इस प्लाट में ऐसे कौन से हीरे-जवाहरात उन्हें नजर आ रहे है, जो वह पांच महीने में ही तीसरी बार इस प्लाट की चारदीवारी को तोड़ने पहुंच गए

देखने वाली बात ये रही कि गुस्साए लोगों के दागे जा रहे तरह-तरह के प्रश्नों का कोई जवाब डीटीपीई पूरी तरह दे नहीं पाए। वह बार-बार यही कहते रहे कि तोडफ़ोड़ से पहले भी नोटिस जारी किए गए। इसके बाद तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई।

काबिले गौर यह है कि भाजपा नेता के इस प्लाट की चारदीवारी पर जब पहले डीटीपीई की तरफ से पीला पंजा चलाया गया तो उस वक्त व्यापारमंडल संघ से जुड़ी सभी ट्रेड यूनियनों की पंचायत वयोवृद्ध समाजसेवी व रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल के सानिध्य तथा व्यापार मंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी ट्रेड यूनियनों और व्यापारमंडल संघ के तमाम पदाधिकारियों और आमंत्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उस वक्त जोड़ी गई पंचायत में सिलानी गांव के पूर्व सरपंच और जिलापरिषद उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर, पप्पू सिलानिया, व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, अग्रवाल सभा के प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, भाजपा नेता लाला सुभाष बंसल, बार एसोसिएशन के प्रधान ललित राघव, सतीश खटाना एडवोकट, अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल, महाशय नत्थूराम गुर्जर आदि समेत विभिन्न वक्ताओं ने डीटीपीई द्वारा बिना कोई नोटिस दिए भाजपा नेता सुभाष बंसल रेवासनिया के किए गए निर्माण, चारदीवारी आदि को पीले पंजे की मदद से ढहाने और तोडफ़ोड़ की कार्रवाई का जमकर विरोध करते हुए कहा कि इस घटना से यह जग-जाहिर हो गया है कि सरकार पर अफसरशाही हावी है। व्यापारी समाज किसी भी अधिकारी की ऐसी गुंडागर्दी को किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेंगे।

इस बात पर भी नाराजगी जताई कि अपनी मल्कियत वाली निजी भूमि पर किए गए निर्माण को डीटीपीई ने बिना कोई नोटिस दिए तोड़ने का काम किया है। किसी भी व्यापारी के साथ अन्याय हर्गिज बर्दाश्त नहीं होगा।

आज भाजपा नेता लाला सुभाष बंसल रेवासनिया तथा युवा व्यापारी नेता दीपक बंसल रेवासनिया ने आरोप लगाया कि एक मौजूदा विधायक के कहने पर उनकी निजी मल्कियत वाली भूमि पर बनाई गई चारदीवारी और निर्माणों को बिना नोटिस दिए तोड़ने का काम डीटीपीई ने किया है। उन्होंने खुलासा किया कि डीटीपी का पीला पंजा सिर्फ उनकी तथा उनके चाचा की चारदीवारियों को तोडने के लिए आया। आसपास बने अन्य किसी भी निर्माण, चारदीवारी को तोडना तो दूर छुआ तक नही गया जबकि उनके पास उस जमीन की मल्कियत संबंधी रजिस्ट्री है और कमाल की बात ये है कि डीटीपीई ने पांच महीने में तीन बार उनके प्लाट की चारदीवारी को तोड़ कर साफ जाहिर कर दिया कि वह जरूर किसी के दबाव में आकर इस कार्रवाई को अंजाम दे रहे है। उन्होंने कहा कि डीटीपी को बताना चाहिए कि उन्होने किस कानून के तहत बिना नोटिस दिए उनकी चारदीवारी, निर्माण आदि को तोडने का काम किया है। व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी ने कहा कि इस मामले में पूरा शहर, क्षेत्र और सर्वजातीय समाज तथा व्यापारी समुदाय पूरी तरह पीड़ित व्यापारी सुभाष बंसल के साथ है। जरूरत पड़ी तो इस मसले पर मुख्यमंत्री से मिलकर डीटीपीई की संदेह के घेरे में आ रही कार्यप्रणाली से अवगत कराया जाएगा।

### नियमानुसार की गई कार्रवाई : बिनेश कुमार

डीटीपीई बिनेश कुमार का कहना था कि उन्होंने नियमानुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया है। उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन पर हमला करने का प्रयास भी हुआ। इसकी जानकारी उन्होंने एसीपी व डीसीपी को दी है। जल्द ही भारी पुलिसबल लेकर अवैध कॉलोनियों में दोबारा से तोडफ़ोड़ की कार्रवाई को तेजी से चलाया जाएगा।

## आरबीएसएम स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**सोहना:** खंड के गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम स्कूल प्रांगण में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्यातिथि रूप में मौजूद विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक भागीरथ राघव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

विद्यालय प्रधानाचार्या मंजू जांगिड़ के अनुसार आरबीएसएम स्कूल भौंड़सी के छात्र खिलाड़ियों ने ब्लाक स्तर पर आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेलों में ढेरों पदक हासिल कर अपने गांव, सोहना क्षेत्र और विद्यालय का नाम देश के मानचित्र पर रोशन किया है।

इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत के साथ-साथ रंगारंग, शिक्षाप्रद, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य वक्ता रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक भागीरथ राघव ने इस बात की सराहना की कि आरबीएसएम स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं और जिला, राज्य व राष्ट्र स्तर पर स्कूल के नाम को चार चांद लगा रहे हैं।


उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों समेत प्रत्येक प्राणी को निरोगी व स्वस्थ रहने के लिए प्रातःकालीन भ्रमण, योगा और खेलकूद में हिस्सा लेना जरूरी है। खेलों में हिस्सा लेने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन से ही शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों का रुझान बढ़ता है।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

# महेंद्र सिंह टिकैत से प्रेरणा लें किसान : अमित गुर्जर

**वे अपने समय के धाकड़ किसान नेताओं के रूप में जाना जाता है,एक बार उन्होंने उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह को भी किसान सभा में आने के लिए बाध्य कर दिया था**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



सोहना। कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर ने शनिवार को किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती के उपलक्ष्य में नमन करते हुए कहा कि किसानों के सर्वमान्य नेता टिकैत ने किसानों की मांगों को लेकर जीवनपर्यंत संघर्ष किया था। वे किसानों की मांगों को प्राथमिकता देते थे और उनका समाधान कराने के लिए भी प्रयासरत थे।

उन्होंने कहा कि भले ही इन मांगों को मनवाने के लिए उन्हें बड़ा आंदोलन क्यो ना करना पड़ा हो। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही देश का भला हो सकता है।

शनिवार को किसान नेता बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि देने के लिए युवा कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित किए गए कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर ने कहा कि किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत कोई मामूली किसान नहीं थे। उन्हें पश्चिम उत्तर प्रदेश के अपने समय के धाकड़ किसान नेताओं के रूप में जाना जाता है। यहां तक कि एक बार उन्होंने उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह को भी किसान सभा में आने के लिए बाध्य कर दिया था।

गुर्जर ने कहा कि टिकैत बालियान खाप के चौधरी भी रहे। उन्होंने कभी भी परिस्थितियों से समझौता नहीं किया। किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत ने जब किसानों के हित में संघर्ष किया तो उन्होने राज्य सरकार से लेकर केन्द्र सरकार तक को किसानों की विभिन्न मांगें मानने के लिए बाध्य कर दिया था। उन जैसा किसान नेता अन्य कोई मुश्किल ही दिखाई देता है।

उन्होंने किसान संगठन को सदैव राजनीति से दूर रखा। महेन्द्र सिंह टिकैत ऐसे बड़े किसान नेता थे, जो नेता के रूप में स्थापित होने के बाद भी अपने खेतों में खुद किसानी करते रहे। वे अक्सर खेतों में गन्ना काटते व निराई-गुड़ाई करते दिखाई दिया करतथे।

उन्होंने सदैव किसानों के हितों में ही आंदोलन किए और उनकी मांगों को पूरा भी कराया। अन्य किसान नेताओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। महेन्द्र सिंह टिकैत आज भी किसानों के आदर्श हैं।

## होटल की आड़ में अवैध रूप से चलाए जा रहे अहाते का भंडाफोड़

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर बिना लाइसेंस के यहां पर गांव भौंड़सी में एक होटल की आड़ में चलाए जा रहे एक अवैध अहाते पर छापेमारी कर दो आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी पाई है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान मटन चिकन कार्नर संचालक कुलदीप के रूप में और होटल संचालक की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। छापेमारी के दौरान आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। देखने वाली बात ये है कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने यह छापेमारी सोहना गुप्तचर विभाग के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर की और चिकन कार्नर व होटल पर छापेमारी के दौरान जांच में सामने आया कि उपरोक्त दोनों स्थानों पर बिना लाइसेंस के अवैध रूप में गैर कानूनी रूप में यहां आने वाले लोगों को धड़ल्ले से शराब पिलाई जा रही थी।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते में कार्यरत एसीपी इंद्रजीत सिंह के अनुसार उन्हे मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि गांव भौंड़सी में जेल रोड़ पर संजय होटल तथा सेक्टर पैसठ में नेपाली चिकन कार्नर पर होटल व चिकन कार्नर की आड़ में बिना अनुमति, लाइसेंस के अवैध अहाता चलाया जा रहा है, जिसमें आने वाले लोगों को बेरोकटोक शराब-बीयर आदि परोसने का काम होता है। इस अहाते में राजस्व की चोरी कर सरकारी खजाने को चपत लगाई जा रही है।

मुलाकात | राजनीतिक मंत्रणा के दौरान दिए संकेत

# राजस्थान चुनावों में कुलदीप बिश्नोई की भूमिका रहेगी अहम : जैन

**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच बढ़ रही दूरियों से भाजपा को फायदा मिलने की उम्मीद**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने दावा किया है कि पूर्व सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा राजस्थान चुनावों में भाजपा के सहप्रभारी चौधरी कुलदीप बिश्नोई की राजस्थान चुनावों में अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि वहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच बढ़ रही दूरी, आपसी विवाद और भीतरखाने चल रही भीतरघात का लाभ भी भाजपा



को मिलेगा। जैन ने संकेत दिए कि भाजपा राजस्थान चुनावों में वहां हुए दंगों, बिगड़ रही कानून व्यवस्था, बेरोजगारी को मुद्दे बनाकर चुनाव मैदान में उतरेगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट के लिए जनता के बीच आएगी। उन्हें भरोसा है कि भाजपा राजस्थान चुनावों में 200 की 200 विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी।

ध्यान योग्य यह है कि श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने आज पूर्व सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा राजस्थान चुनावों में भाजपा के सहप्रभारी चौधरी कुलदीप बिश्नोई से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान के ताजा राजनीतिक हालातों से अवगत कराया और राजस्थान की राजनीति पर मंत्रणा की।

### जब पीठ थपथपा कर खुशी जताई

चौधरी कुलदीप बिश्नोई ने मुलाकात के दौरान राकेश जैन की पीठ थपथपाते हुए खुशी जताई थी कि राकेश जैन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के लिए दिन-रात एक कर धरातल पर पार्टी संगठन को ज्यादा मजबूत बनाने और नए-नए लोगों विशेषकर मातृ व युवा शक्ति को भाजपा से जोड़ने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इससे उन्हे भरोसा है कि रामगढ़ विधानसभा सीट भाजपा की झोली में आने के साथ-साथ राजस्थान में भाजपा स्पष्ट व भारी बहुमत प्राप्त कर सरकार बनाकर कांग्रेस पार्टी को शिकस्त देते हुए घर बैठाने का काम करेगी।

## रुकमिणी-श्री कृष्ण के विवाह में कन्यादान डालने की मची होड़

**सोहना:** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान में छठे दिन शनिवार को उपस्थितों के बीच अपने मुखारविंद से ज्ञान की गंगा बहाते हुए ब्रजभूमि वृंदावन धाम से विशेष आमंत्रण पर आए कथाव्यास ब्रह्मानंद महाराज ने कहा कि जो लोग कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण ने महा रासलीला की, क्या हम नहीं कर सकते।

उन्होंने भक्तों को श्रीकृष्ण का भावार्थ समझाते हुए कहा कि जो अपने भक्तों के हृदय का आकर्षण करे, उसे कृष्ण कहते है और जो अपनी समस्त इंद्रियों के साथ कृष्ण रस का पान करे, उसे गोपी कहते है। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने महा रासलीला रचाई तो उस वक्त साक्षात वेद की ऋचाएं और वेद के मंत्र गोपी बनकर आए थे। उन्होंने श्रीकृष्ण जी के नाना प्रकार के प्रसंगों से भक्तों को रसापान कराते हुए जब गोपी-उद्धव संवाद सुनाया तो भक्तों के नेत्रों से अश्रुधारा बहने लगी। उन्होने आज पंडाल में श्रीकृष्ण-रूकमिणी विवाह आयोजन कराया तो मौजूद भक्तों के बीच अपनी सामर्थ्यनुसार कन्यादान डालने की होड़ सी लग गई।



नांगल चौधरी हलके के 15 किलोमीटर...
अंदर देखे



जनसंवाद में आई शिकायतों का...
अंदर देखे



## खबर फटाफट

### शिविर में 101 यूनिट रक्त एकत्र



**गुरुग्राम।** भगवान श्री अग्रसेन जी के 5177वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत में 1 से 15 अक्टूबर तक महा रक्तदान अभियान के तहत अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की ओर से गुरुग्राम की मियांवाली कालोनी के सामुदायिक केंद्र में रक्तदान शिविर लगाया गया। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की जिला महामंत्री आशा गगन गोयल ने इस शिविर का आयोजन किया। रोटरी ब्लड सेंटर कादीपुर की टीम ने रक्त संग्रहण किया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल, शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर ने शिरकत की। शिविर में 101 यूनिट रक्त दान हुआ। महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर ने कहा कि समाज सेवा का महाराजा अग्रसेन जी ने बेहतर रास्ता दिखाया, जिस पर चलते हुए आज हम सब सेवा कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी रक्त दान जैसे महान कार्य होते रहने चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि भगवान अग्रसेन जी महाराज ने सर्व समाज को एक ही रास्ता दिखाया कि वे दूसरों की सेवा, सहायता में आगे रहें। आज सर्व अग्रवाल समाज उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सेवा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान अग्रसेन जी महाराज के 5177वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक पखवाड़े तक रक्त दान शिविरों का आयोजन करके देशभर में हजारों यूनिट रक्त रोज एकत्रित हो रहा है। यह जरूरतमंदों को जीवनदान दे रहा है।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का ऑनलाइन पंजीकरण के बाद मिलेगा लाभ

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाईन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अर्न्तगत 71 हजार रूपये का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गो की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रूपये से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रूपये का अनुदान दिया जाएगा।

### जुआ खेलने व खिलाने का आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक युवक को जुआ खेलने व खिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 3500 रुपयों की नगदी आदि बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैक्टर 40 ने सब्जी मंडी गाँव तिगरा से जुआ खेलने व खिलाने वाले व्यक्ति मोहम्मद रियाज को रंगेहाथ काबू किया है, जिसके खिलाफ थाना सैक्टर 56 में मामला दर्ज किया गया है।

### अवैध गांजा सहित युवक दबोचा

**गुरुग्राम।** एक युवक को गुरुग्राम पुलिस ने एक किलो 500 ग्राम अवैध गांजा सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैक्टर 39 ने मेन रोड गांव सिकंदरपुर के निकट से एक युवक रोशन को अवैध गांजा सहित काबू किया गया, जिसके खिलाफ थाना डीएलएफ फेस वन मे मामला दर्ज किया गया है।

### ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की पारदर्शी और जवाबदेह पहल : डीसी

**गुरुग्राम।** ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है।

ग्रेप लागू होने के बाद भी उड़ाई जा रही हैं नियमों की धज्जियां

# नहीं किए गए समुचित उपाय तो स्मॉग करेगा साइबर सिटी वासियों को परेशान

**साईबर सिटी में प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पिछले कई दिनों से हवा की दिशा और पराली का धुआं पहुंचने के कारण दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता का आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा ग्रेप को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी गई। इसके प्रथम दिन देखा गया कि शहर में पूर्व की भांति ट्रैक्टर आदि पर लोगों द्वारा बिना ढके रेती, मिट्टी, कचरा आदि ले जाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जो सैक्टर व कालोनियों में मकान बनाए जा रहे हैं, उनके बाहर रखे गए मैटेरियल क्रेसर, रेती आदि भी बिना ढके प्रयोग की जा रही है, जबकि नियमानुसार क्रेसर बजरी को न केवल पर्दे से ढक कर रखना चाहिए, बल्कि समय-समय पर उसके ऊपर पानी का छिड़काव करना चाहिए ताकि उससे उड़ने वाले कण वायु को प्रदूषित न कर सके। इसके अतिरिक्त जो मकान बनाए या तोड़े जा रहे हैं, उनके आगे जाली या लोहे की टिन आदि लगाकर कार्य करना चाहिए। साईबर सिटी में प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। जैसे जैसे सर्दी निकट आती है, वैसे ही स्मॉग का डर सताने लग जाता है। स्मॉग के साथ-साथ कई प्रकार की बीमारियां भी जन्म ले लेती हैं। जिससे साईबर सिटीवासियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जहां निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहीं ऐसे कई वाहन हैं जिनसे निकलने वाला धुंआ वातावरण को दूषित कर रहा है। सर्दी शुरु होने से पूर्व यदि समुचित कदम नहीं उठाए गए तो स्मॉग फिर से आमजन के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर सकता है। यह क्रम पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है कि सर्दी शुरु होते ही स्मॉग का स्तर बढ़ जाता है। सडे पर चलने वाले वाहनों के चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।



**एक अक्टूबर से लागू हो गया है ग्रेप**

साईबर सिटी में प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए एक अक्टूबर से ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू कर दिया गया है। इसके बाद भी कुछ इलाकों को छोडकर काफी इलाकों में साफ-सफाई के ऊपर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालांकि इसके बावजूद भी कई स्थानों पर निर्माण कार्य बदस्तूर जारी हैं। जहां पर नियमों की अवहेलना की जा रही है। डस्ट को ढक कर नहीं रखा जा रहा है।

**शहर के कई स्थानों पर लगे हैं कूड़े के ढेर**

खांडसा, बसई रोड, एसडी स्कूल के निकट, राज नगर, खांडसा मंडी, सैक्टर 29 क्षेत्र, इफ्को चौक, फरीदाबाद मार्ग, ओल्ड व न्यू दिल्ली रोड सहित ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जहां पर मलबा व गंदगी पड़ी हुई है। इसे उठाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है, लेकिन सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई है। कई क्षेत्रों में सडकें जर्जर हैं, जिसके कारण दिनभर धूल मिट्टी उड़ती रहती है।

## गुरुग्राम में होंगे 1008 सुंदरकांड के पाठ : शर्मा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। त्योहारी सीजन के दौरान देश में सुख-समृद्धि और शांति के लिए एक साथ हजारों हाथ उठेंगे। टीम जीएल शर्मा की ओर से गुरुग्राम के विभिन्न स्थानों पर सुंदर कांड के 1008 पाठ कराएंगे जाएंगे। टीम न सुंदर कांड पाठ की तैयारियां आरंभ कर दी है। अपने सेक्टर 15 पार्ट 2 स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा भाजपा के उपाध्यक्ष एवं डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चैयरमेन जीएल शर्मा ने कार्यक्रम पर विस्तारित प्रकाश डालते हुए बताया कि सुंदर कांड पाठ की शुरुआत 15 अक्टूबर को मां दुर्गा के पहले नवरात्र से होगी। बसई चौक स्थित भगवान परशुराम भवन में 15 अक्टूबर को पहले पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में गुरुग्राम की धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के अलावा विभिन्न संगठनों और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी को आमंत्रित किया जाएगा। पूरे 1008 पाठ के आयोजन के दौरान धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ आरडब्ल्यूए का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ महीने से त्मजीएल शर्मा की ओर से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसका उद्देश्य सनातन धर्म के लोगों को भगवान राम की लीलाओं से रूबरू कराना है। अपनी नई पीढियां को भगवान



राम के जीवन का दर्शन करना है। सुंदरकांड के माध्यम से दुख संकट दूर होते हैं। इसलिए समझ में कोई भी व्यक्ति दुखी और संकटग्रस्त ना रहे, पाठ के माध्यम से ऐसे भी कामना की जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि 1008 पाठ का आयोजन श्रद्धालुओं के घरों के अलावा मंदिर, पार्क और कम्युनिटी सेंटर में भी होगा। अलग स्थानों के आयोजन की अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। जो श्रद्धालु अपने घरों में पाठ का आयोजन करना चाहते हैं वह 15 अक्टूबर को भगवान परशुराम भवन में अपना पंजीकरण कर सकते हैं। जीएल शर्मा ने बताया कि अभी तक के तय कार्यक्रम के मुताबिक एक जनवरी को अयोध्या के भगवानश्री राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन होना है। उद्घाटन के दिन गुरुग्राम में 111 पुजारी की ओर से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इस आयोजन के लिए आयोजन स्थल चिन्हित करने के साथ दूसरी तैयारी की जा रही है।

## अनुसूचित जाति के कर्मचारियों/अधिकारियों का सपना हुआ साकार : जरावता

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनुसूचित जाति के लिए प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी में पदोन्नति में आरक्षण देकर 1966 से लंबित मांग को पूरा किया है, जिससे कि अब अनुसूचित जाति के कर्मचारियों व अधिकारियों में दिवाली जैसा माहौल छाया हुआ है। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। सत्यप्रकाश जरावता के नेतृत्व में हरियाणा के कर्मचारी व अधिकारी पिछले 20 वर्षों से लगातार पदोन्नति में आरक्षण मिलने की मांग कर थे कि हरियाणा में अनुसूचित जाति आयोग बनाया जाए, बैकलॉग पूरा किया जाए और प्रथम श्रेणी-द्वितीय श्रेणी में रिजर्वेशन दिया जाए जोकि लोगो का यह सपना मुख्यमंत्री और विधायक द्वारा पूरा हुआ जिससे अब समाज के अंतिम पायदान में खड़े हुए कर्मचारी व अधिकारी उच्च पदों पर पहुंच जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों से जरावता अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को आरक्षण देने के लिए संघर्ष कर रहे थे

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पदोन्नति में आरक्षण देकर 1966 से लंबित मांग को पूरा किया**



वे जब से विधानसभा में गए है हर सत्र में यही मुद्दा उठाते थे। जरावता ने बताया कि जब से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बागड़ोर संभाली है तब से नामुमकिन काम भी मुमकिन हुए है। हरियाणा के समस्त दल समाज में कर्मचारियों व अधिकारियों में खुशी की लहर है। जरावता ने बताया कि समिति के प्रयासों से हरियाणा में अनुसूचित जाती एवं पिछडे वर्ग के लोगो को बड़ा फायदा मिल रहा है। चाहे वो अनुसूचित जाति के अत्याचार निवारण-कानून को सही ढंग से लागू करने की बात हो, चाहे पदोनिती में आरक्षण की बात हो, चाहे केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओ की बात हो। समिति हर कार्यो को गंभीरता से लेकर उनको सरकार द्वारा लागू करवाने का प्रयास कर रही है।

## सनातन धर्म पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को लेकर केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा ने की बैठक

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। तमिलनाडू के एक मंत्री द्वारा सनातन धर्म पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर राम नगर स्थित धर्मशाला में शहर की करीब 5 दर्जन मंदिरों की शिरोमणि संस्था केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विशेष तौर पर वृंदावन से पधारे ब्रह्मचेतन महाराज ने भाग लिया। संस्था के प्रवक्ता बालकृष्ण खत्री ने बताया कि बैठक के दौरान ब्रह्मचेतन महाराज ने कहा कि भारत धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक राष्ट्र है जहां पर सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। उन्होंने मंत्री द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि सनातन धर्म हमें पाप से बचाता है।



मानव समाज को एक परिवार के रुप में समझता है। सनातन धर्म वसुधैव कुटुम्बकम की विधाराधारा रखता है। प्रेम ही परमात्मा है, इसलिए सनातन धर्म से प्रेम करो। बैठक के दौरान केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर ने मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि इसके विरोध में एक ज्ञापन राष्टपति के नाम आज भेजा जाए तथा उनसे मांग की जाए कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सनातन धर्म के खिलाफ इस प्रकार अभद्र भाषा का प्रयोग न करे। संस्था के महासचिव देवराज आहूजा ने कहा कि सनातन धर्म सभी धर्मों का महायोग है। सभी धर्मों की पहचान है तथा सनातन धर्म जैसे को तैसा की विचारधारा की पुष्टि नहीं करता। बैठक के दौरान संस्था के प्रवक्ता बालकृष्ण खत्री ने कहा कि सनातन धर्म सबसे बड़ा धर्म है। किसी के विरुद्ध अपशब्द का प्रयोग नहीं करते। आदि और अनादि काल से इस धर्म का उल्लेख किया जाता है। बैठक में अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। प्रधान सुरेंद्र खुल्लर द्वारा राष्टपति को ज्ञापन दिए जाने की बात का सभी ने समर्थन किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद कंवरभान वधवा, रामलाल ग्रोवर, श्याम ग्रोवर, चंद्रभान नागपाल, अशोक गेरा, रविंद्र खुल्लर, उदयभान ग्रोवर, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके व विभिन्न माध्यमों से आमजन को साईबर सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को साईबर अपराधों की बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना है, ताकि वो किसी भी प्रकार के साईबर अपराध का शिकार ना हो और इन अपराधों को अंजाम देने वाले ठगों पर लगाम लगाई जा सके।गुरुग्राम पुलिस द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर तैयार किए गए रुपरेखा के अनुसार जागरूकता अभियान के सातवें दिन शनिवार को विभिन्न



**साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के के तहत क्वीज कॉम्पटीशन का किया आयोजन**

कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुग्राम पुलिस द्वारा साईबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने के इस अभियान को रोचक बनाने व अधिक लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से साईबर जागरूकता माह के पहले सप्ताह के दौरान विभिन्न साईबर अपराधों के बारे में लोगों को दी गई जानकारियों के आधार पर क्वीज कॉम्पटीशन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई और इन प्रतियोगिताओं में विजेता को पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया। गुरुग्राम पुलिस द्वारा साईबर जागरूकता अभियान का पहला सप्ताह पूर्ण होने पर तथा लोगों को साईबर अपराधों के बारे में जागरूक करने के उदेश्य से इंटरनेशनल टेक पार्क सैक्टर-59, गुरुग्राम में आज सुबह एक मैराथन का भी आयोजन किया गया जिसके दौरान 70-100 कंपनी की टीमों ने भाग लिया। इस दौरान डायल 112 एप्लीकेशन तथा डायल 112 एप्लीकेशन पर रजिस्ट्रेशन के महत्व व फायदों के बारे में भी बताया गया। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम पुलिस की टीमों द्वारा कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-22, शिशु कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव नवादा, गुरुग्राम सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक किया गया।

## स्वच्छता में हर नागरिक की होनी चाहिए भागीदारी : डा. डीपी गोयल

**भीमगढ़ खेड़ी के स्कूल में चलाया गया सफाई अभियान**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भीमगढ़ खेड़ी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का शुभारंभ रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व गुडगांव विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर डा. डीपी गोयल ने कहा कि स्वच्छता के कार्य में हर नागरिक की भागीदारी होनी चाहिए। स्वच्छता किसी एक व्यक्ति का काम



नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई करने के लिए बेशक सफाइ कर्मी हों, लेकिन हम सबको इसे सामाजिक मुहिम बनाकर समय-समय पर स्वयं भी अलग-अलग क्षेत्रों में काम करना चाहिए। अजय शर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर स्वच्छता के कार्य को ऐसे ही आगे बढ़ाते रहेंगे।

**आस्था** | भव्य कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत का शुभारंभ

# वैष्णव शास्त्र पूजा करती है पापों से मुक्त

**जो मनुष्य प्रतिदिन भागवत पुराण का पाठ करता है उसे एक-एक अक्षर के उच्चारण के साथ कपिला गौ दान देने का पुण्य होता है**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। राजीव नगर स्थित गुफा वाले शिव मंदिर में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शनिवार को हुआ। कलश यात्रा में जहां बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर भाग लिया, वहीं मंदिर की महामंडलेश्वर साध्वी आत्म चेतना गिरी महाराज भी श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा में शामिल हुई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सतीजा ने बताया कि गौशाला स्थित शिव मंदिर से गुफा वाला शिव मंदिर तक कलश यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई। श्रद्धालु नृत्य करते हुए दिखाई दिए। उनका



कहना है कि भागवत कथा 7 दिन चलेगी। व्यासपीठ से महामंडलेश्वर ने भगवत अवतार श्री वेद वेद व्यास प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि सहस्त्र पुराणों की रचना के पश्चात भी जब आशुतोष प्राप्त नहीं किया तो उन्होंने देव ऋषि नारद के उपदेश से श्रीमद्भागवत पुराण की रचना की। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण में प्रभु की लीलाओं का वर्णन किया गया है। यह भक्तों के लिए अनंत सुखदायी पुराण है और इसमें महाभारत ब्रह्म सूत्र, व्यास स्मृति आदि वेदव्यास की कृतियां भी शामिल है। साध्वी ने श्रीमद् भागवत माहात्म्य के विषय में बताया कि विश्व विख्यात यह पुराण मनुष्यों को विशेष लाभकारी है। जो मनुष्य प्रतिदिन भागवत पुराण का पाठ करता है उसे एक-एक अक्षर के उच्चारण के साथ कपिला गौ दान देने का पुण्य होता है। जो मनुष्य अपने घर में वैष्णव शास्त्रों की पूजा करते हैं वह सब पापों से मुक्त होकर देवताओं द्वारा वंदित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस कलयुग में यह शास्त्र सबसे लाभदायक है जो लोग विष्णु भक्त पुरुष को वह हजारों कल्पों तक बैकुंठ को प्राप्त होते हैं। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु भी शामिल हुए।

## ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोशिएशन मजबूत संगठन

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोशिएशन के महासचिव अनिल राव ने गुजरात मंडप हायर एंड इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 29 वी कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकार मांगने से नही मिलते, अधिकार छीने जाते है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में यदि कोई मजबूत संगठन है तो वह आरएसएस का या फिर बाबा रामदेव का संगठन है। इसके बाद यदि कोई मजबूत संगठन है तो वह हमारा आल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का है। एसोसिएशन की समस्याओं पर भी मंथन किया गया। राव ने कहा कि एसोसिएशन कोई राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएगी, लेकिन देश के हर राज्य में राष्ट्रीय पार्टी से संपर्क कर अपना विधानसभा उम्मीदवार का दावा अवश्य रखेगी, ताकि उनका उम्मीदवार चुनाव में विजयी होकर



विधानसभा में उनके हक की लड़ाई लड़ सके। उनका कहना है कि देश के 26 प्रदेशों में उनका संगठन है, जो भ राष्ट्रीय पार्टी एसोसिएशन के सदस्यों को टिकट देगी, आने वाले चुनाव में हम सभी उसी पार्टी का समर्थन करेंगे। राजस्थान में भी टिकट की मांग की गई है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जगदीश भाई मकवाना शर्मािमिल हुए और उन्होंने कहा कि देश को उन्नति के पथ पर पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी जुटी हुई है।

## खबर फटाफट

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक एवं छात्रों को किया सम्मानित



नूंह। पिछड़े जिलों को मुख्य धारा में लाने के लिए नूंह को आकांक्षी जिला घोषित करने वाले नीति आयोग की ओर से तीन से नौ अक्टूबर तक नूंह और पुन्हाना आकांक्षी खंडों मे जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में संकल्प सप्ताह मनाया जा रहा है । मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला के सभागार में शिक्षा मेला एवं शिक्षा संबंधी गतिविधियों तथा छात्र एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल एवं विशिष्ट अतिथि जिला एफएलएन को-ऑर्डिनेटर कुसुम मलिक रहे। कार्यक्रम मे अध्यापकों को जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर ने दिलवाई संकल्प शपथ। सभी ने शिक्षा-संकल्प शपथ ली कि वे सभी देश की प्रगति में प्रभावी योगदान देने के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ जीवन भर सीखते रहने का प्रयास करेंगे और जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान विकसित करेंगे। आकांक्षी खंडो में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे और मेवात के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ेंगे और विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम को रुचिकर तथा रोजगारपरक बनाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में नवीनतम तकनीकों के प्रयोंगो के लिए डॉक्टर पवन यादव, दिनेश गोयल, किरण यादव, राजकुमार, सीमा रानी, जितेंद्र को सम्मानित किया गया। गेटी फिरोजपुर नमक के प्रवक्ता डॉक्टर संजय को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षक के तौर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रेखा रानी, मनवीर, प्रवीण सैनी, आनंद , जितेंद्र दलाल, विकास यादव, डॉ मोनिका, धनेश कुमारी सहित 50 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ढ्ढ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने कहा कि शिक्षा से ही मेवात क्षेत्र की तस्वीर को बदला जा सकता है जिसके लिए सभी अध्यापकों को स्कूल के बच्चों को मां-बाप बनकर पढ़ना होगा। उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना होगा, समुदाय की सहभागिता को बढ़ाना होगा।

### खेल महाकुंभ प्रतियोगिता के तैयारी को लेकर जुटे ग्रामीण

**सिहमा।** गांव दौगड़ा अहीर खेल के मैदान में दो दिवसीय (14 व 15 अक्टूबर) खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दोगड़ा अहीर में क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हो रही खेल महाकुंभ प्रतियोगिता अमीलाल मेमोरियल टूर्नामेंट की तैयारी को लेकर ग्रामीणों ने ग्राउंड में सफाई अभियान चलाया।अमीलाल मेमोरियल टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर ग्रामीण जोरों से लगे हुए हैं तथा कबड्डी तथा अन्य खेलों के ग्राउंड बनाने की तैयारियां शुरू की हुई हैं। इसको लेकर आसपास के ग्रामीणों में खेल प्रतियोगिता को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। इसमें चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। वाईएफसी क्लब के मीडिया प्रभारी इंजीनियर अशोक यादव ने बताया कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है।यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल का महत्व यह है कि खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है,हमारा मानसिक तनाव कम होता है और हम सामूहिक जीवन का आनंद ले सकते हैं। हमें नियमित रूप से खेलने का समय निकालना चाहिए ताकि हम अपने जीवन को स्वस्थ, सुखी और सफल बना सकें। यंग फार्मर क्लब के प्रधान जयवीर यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य सिर्फ खिलाड़ी चयनित करना ही नहीं है बल्कि लोगों के अंदर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करना है।

**एथलेटिक्स गेम्स भी रहेंगे आकर्षण**

इस विशाल खेल प्रतियोगिता में लडक़ों की ओपन नेशनल कबड़ी में पहला इनाम 51000 रुपए तथा दूसरा इनाम 31000 रुपए और 31 हजार रुपए तक की कुश्ती की प्रतियोगिताएं 15 अक्टूबर को करवाई जाएंगी। वहीं 14 अक्टूबर को अंडर 14 लडक़ों की नेशनल कबड़ी प्रतियोगिता तथा एथलेटिक्स गेम,बुजुगों को दौड़,लडक़े और लड़कियों के लिए 400 मीटर रेस,लडक़ों के लिए 1600 मीटर रेस, लोग जप, हाईजंप 15 अक्टूबर को करवाए जाएंगे।

इस सफाई अभियान में मामन सिंह प्रधान, अमरजीत, दिनेश पंच, इंजीनियर विकास यादव, राजकुमार यादव चेयरमैन प्रतिनिधि पंचायत समिति सीहमा, जयवीर यादव प्रिंसिपल, इंजीनियर अशोक यादव बलजीत, शमशु मनोज कुमार, संदीप बोहरा, बब्रुभान बोहरा सरपंच प्रतिनिधि, धर्मेंद्र, महेंद्र सिंह जेई, वाइस प्रिंसिपल वीरसिंह यादव नरेंद्र कुमार सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सरकार की छवि को खराब कर रहे हैं बिजली विभाग के कर्मचारी

**चंदपुरा।** एक तरफ तो भाजपा सरकार द्वारा विकास का ढिंढोरा पिटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग इन विकास कार्यों पर पलीता लगते नजर आ रहे हैं अटेली क्षेत्र में अगर विकास की बात की जाए तो कोसो-कोसो दूर नजर नहीं आता। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा सरकारी आदेशों को सरेआम ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्य अटेली क्षेत्र के गांव नांगल में एक गरीब बाबूलाल ग्रामीण के प्लाट के ऊपर से ग्यारह हजार की लाइन निकली हुई है। जिसको लेकर प्लॉट मालिक इन तारों को हटाने के लिए बिजली विभाग को कई बार शिकायत कर चुका है, लेकिन फिर भी बिजली विभाग अपनी कुंभ करनी नींद सोया हुआ है शायद बिजली विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार हो रहा है क्योंकि बिजली विभाग के कर्मचारी भी अपनी हठ धर्मी से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसको लेकर अटेली क्षेत्र की जनता बहुत ही दुखी व निराश नजर आ रही है एक तरफ तो सरकार द्वारा सरकारी व निजी प्लाटों के अंदर से निकलने वाले बिजली के तारों व खंभे को हटाने का वादा किया जाता है वहीं बिजली विभाग के अधिकारी इन आदेशों को ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं जिसको लेकर भाजपा सरकार के आदेशों की अनदेखी का शिकार हो रहे हैं, इसलिए गांव नांगल का ग्रामीण का कहना है कि मेरे मकान के ऊपर से गुजरने वाले तार हटाने के लिए शिकायत कर चुका हूं लेकिन फिर भी बिजली विभाग पता नहीं क्यों किस कारण तार नहीं हटा रहे हैं इसलिए मैं बिजली विभाग से मांग करता हूं कि मेरे मकान के ऊपर से गुजरने वाले तारों को हटाए जाए।

# नूंह मेवात को किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा: मूलचंद शर्मा

**परिवहन मंत्री ने आधा दर्जन गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

### जनसंवाद में आई शिकायतों का निपटारा स्वयं करेंगे मुख्यमंत्री: मूलचंद शर्मा

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



नूंह। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम मुख्यमंत्री मनोहर लाल का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें विकास कार्यों से संबंधित गांवों व ग्रामीणों की शिकायतों का जल्द व प्राथमिक आधार पर समाधान किया जाता है। जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से जो भी शिकायतें व समस्याएं सरकार के पास पहुंच रही हैं, उन सभी पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें जल्द पूरा करवाया जाएगा। परिवहन मंत्री शनिवार को जिला के नूंह विधानसभा क्षेत्र के गांव देवला नंगली, रानीका, आकेड़ा, बैंसी व गांगोली में जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनका मौके पर ही निवारण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नूंह, मेवात जिला को पीछे नहीं रहने देंगे और यहां पर अच्छी सड़कों सहित अन्य सभी विकास कार्य तत्परता से करवाए जा रहे हैं। सरकार स्वयं आपके घर-गांव में आपके बीच पहुंचकर आपकी समस्याओं को हल रही है। उन्होंने गांव देवला नंगली में एक व्यक्ति की बिजली का कनेक्शन दिलाने की एक ग्रामीण की मांग पर बिजली निगम के अधिकारियों को दो दिन में कार्यवाही करते हुए कनेक्शन देने के आदेश दिए तथा साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 10 अक्टूबर को गांव में बिजली दरबार लगाकर बिजली संबंधी ग्रामीणों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाए। इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए आगामी 13 अक्टूबर को गांव में कैंप लगाकर सभी पीपीपी को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्र्रामीणों की मांग पर गांव में एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से फिरनी पक्का करवाने की घोषणा की। इसी प्रकार उन्होंने गांव बैंसी में कहा कि पीपीपी के माध्यम से 19 लोगों की पेंशन स्वत- बनी तथा सौ से ऊपर लोगों के राशन कार्ड भी स्वत- ही बने हैं। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत 9 लोगों ने सवा लाख रुपए का निशुल्क इलाज करवाया है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 13 लोगों के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। गांव गांगोली में बताया कि इस गांव में पीपीपी के माध्यम से 14 लोगों की पेंशन तथा करीब 100 लोगों के राशन कार्ड स्वत- बने हैं। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत 7 लाभार्थियों ने योजना का लाभ लेते हुए करीब दो लाख रुपए का निशुल्क इलाज करवाया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 10 लोगों के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। वक्फ बोर्ड हरियाणा के प्रशासक जाकिर हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा निरंतर इस क्षेत्र का विकास करवा रहे हैं। ये मेवात क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि आज सरकार गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है। हरियाणा सरकार लाभकारी नीतियों की बदौलत प्रदेश के हर नागरिक तक विकास की योजनाएं पहुंच रही हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने भी कार्यक्रमों में सरकार की नीतियों का बखान किया।

**पीपीपी के माध्यम से स्वत: हुए लोगों के काम**

उन्होंने बताया कि गांव देवला नंगली में परिवार पहचान पत्र से स्वत: 34 लोगों की पेंशन बनी है तथा राशन कार्ड भी स्वत: बन रहे हैं, जिसके लिए परिवार के सदस्यों को कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत 6 लाभपात्रों ने हाल ही में लाभ लिया है और उनके इलाज का 3 लाख 5 हजार रुपए का खर्च सरकार ने दिया है। उन्होंने गांव रानीका में कहा कि इस गांव में परिवार पहचान पत्र से स्वत- 12 लोगों की पेंशन बनी है तथा राशन कार्ड भी स्वत- बन रहे हैं। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 48 लोगों के ऋण स्वीकृत हुए हैं तथा 8 लोगों को वितरित भी किए जा चुके हैं। गांव में गलियों, पीने के पानी व पार्क आदि के निर्माण कार्य किए गए हैं। उन्होंने बता कि गांव आकेड़ा में एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से फिरनी पक्की बनाई जाएगी तथा इसके अलावा गांव में अलवर रोड के लिए बाईपास बनाया जाएगा। गांव आकेड़ा व मालब में पेयजल के लिए नूरपुर में छह ट्यूबवेल व बूस्टिंग स्टेशन बनाया जाएगा तथा दोनों गांवों को पेयजल की आपूर्ति होगी, इसके लिए जल्द ही टेंडर किए जाएंगे। इसके अलावा गांवों में चौपाल, पशु चिकित्सालय, बारात घर, रोड, गलियां आदि काम करवाए जाएंगे। उन्होंने आकेड़ा से गोहाना मोड होते हुए पुन्हाना तक बस सेवा भी शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि गांव में पीपीपी से 30 लोगों की स्वत- ही पेंशन व राशन कार्ड बने हैं तथा 24 लोगों ने आयुष्मान चिरायु योजना का लाभ लेते हुए 6 लाख 48 हजार रुपए का निशुल्क इलाज करवाया है।

# जंगशेर बिसरू बने नूंह जिला के ओबीसी कांग्रेस का चेयरमैन



### पिछले काफ़ी समय से पार्टी के लिए ईमानदार और निष्ठावान तरीके से काम कर रहे है बिसरू : कप्तान

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह। ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कप्तान अजय सिंह यादव ने कांग्रेस के युवा नेता जंगशेर बिसरू को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें ओबीसी का नियुक्ति पत्र देकर जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कप्तान अजय सिंह यादव ने कहा कि जंगशेर पिछले काफ़ी समय से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हैं। पिछले काफ़ी समय से वे पार्टी के लिए ईमानदार और निष्ठावान तरीके से काम करते हुए जिले में पार्टी को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।उनकी पार्टी के प्रति किए गए कार्य, मेहनत और लगन को देखते हुए उन्हें जिले में ओबीसी कांग्रेस का चेयरमैन बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। इस दौरान ओबीसी ज़िला कांग्रेस के चेयरमैन बने जंगशेर बिसरू ने कहा कि पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है,वो पूरी ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए काम करेंगे। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए जिले में पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# प्रेमी जोड़े ने बिजली के खंभे से लटक कर की जीवन लीला समाप्त

**4 अक्टूबर को घर से निकल कर सीधे पहाड़ों में पहुंच की रोहित और संजू ने आत्महत्या**

**चार दिन तक लटके रहने से गलने लगे दोनों के शव**

**पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया**

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



नूंह। प्यार में अंधे प्रेमी जोड़े ने नूंह की पहाड़ियों में बिजली के खंभे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नलहड़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। वही पुलिस का कहना है कि शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर यादराम ने बताया कि रोहित पुत्र शिब्बन निवासी कोट गांव जिला पलवल का रहने वाला था, जो निबोट के पास एक कंपनी में काम करता था और वह शादीशुदा और उसके एक बच्चा भी था। उसी के साथ इस कंपनी में एक संजू नाम की लड़की भी काम करती थी जो बल्लभगढ़ के समीप जावा गांव की रहने वाली थी । दोनों ही नीबोट के पास एक ही कंपनी में काम करते थे और इस दौरान दोनों में प्यार हो गया और दोनों अपने परिवारों से शादी की जीद करने लगे। लेकिन जब उन्हें कोई रास्ता नहीं मिला तो, रोहित संजू को अपने साथ लेकर 4 अक्टूबर को बाइक पर फरार हो गया। परिजनों ने दोनों की शिकायत निबोट चौकी में की और उनका फोन नंबर ट्रेस पर लगवा दिया। लेकिन पिछले 3 दिन से उनका फोन काम नहीं कर रहा था। बीती रात सुबह 3ः00 बजे से लड़की के फोन नंबर पर जब फोन ट्राई किया तो उसकी घंटी बजने लगी तो पुलिस ने इस नंबर को ट्रेस करना शुरू कर दिया और जहां इस फोन की लोकेशन आई वहां जाकर देखा तो पुलिस और परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस ने बताया कि रोहित और संजू दोनों एक दूसरे की बाहों में बाहें डालकर अपनी मोटरसाइकिल के ऊपर चढ़ अपने गले में रस्सी बांधते हुए दोनों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने बताया कि दोनों के शवों को मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है और पोस्टमार्टम कराने के लिए मेवात के मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में रखवाया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिए जाएंगे और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**क्या कहते हैं कोट गांव के सरपंच जफर और लड़की के परिजन**

जैसे ही गांव में रोहित के मरने की खबर पहुंची तो गांव के सरपंच सहित उनके परिवार के लोग सरकारी अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान गांव के सरपंच जफर ने कहा कि रोहित अपने ही समाज की संजू नाम की लड़की से प्यार करता था और परिवार वालों से उससे शादी करने के लिए बार-बार दबाव बना रहा था। जबकि रोहित के पहले ही शादी होकर एक बच्चा और बीवी है। उन्होंने बताया कि रोहित 4 अक्टूबर को उस लड़की को लेकर घर से फरार हो गया और दोनों ने मिलकर आत्महत्या कर ली। वही लड़की के फूफा रमेश ने बताया कि दोनों कंपनी में एक साथ कर काम करते थे और दोनों में काफी समय से बातचीत हो रही थी और कई बार इनको समझाया गया था,लेकिन दोनों ने एक साथ नूंह के पहाड़ में बिजली के खंभे से लटक कर आत्महत्या कर ली है और हमें जैसे ही सूचना मिली हम मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से दोनों एक साथ कंपनी में काम कर रहे थे और दोनों ही शादी करने के लिए जिद कर रहे थे।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनी मनीता गर्ग

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**



तावडू। भाजपा नेत्री मनीता गर्ग को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा गुरुग्राम बनने पर शहर के समस्त भाजपाइयों में हर्ष की लहर दौड़ गई। उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिसके चलते शनिवार को मुकेश शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, की अध्यक्षता में भाजपा मंडल टीम द्वारा सामूहिक रूप से समस्त शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मनीता गर्ग को मिष्ठान खिलाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट करके बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मनिता गर्ग को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प का परिणाम के लिए बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि कोई किसी कार्य में सफलता प्राप्त करने के लिए मन से प्रयत्नशील होता है तो ईश्वर उसे सफलता अवश्य प्रदान करता है। मनीता गर्ग ने भी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने मुकेश शर्मा के साथ मंडल टीम एवं बधाई देने वाले समस्त भाजपाइयों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह पहले की तरह पूर्ण ईमानदारी, कुशलता एवं कर्तव्यनिष्ठा से अपने पद पर कार्यरत करेंगी। जो विश्वास शीर्ष नेतृत्व ने उन पर दिखाया है उस पर खरा उतरने का यथासंभव प्रयास करेंगी। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र भारद्वाज, महामंत्री गोल्डी मंगला, सचिव नवीन शर्मा, सचिव प्रवीण मंगला, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदल, मीडिया प्रभारी तरुण रोहिल्ला, आई टी प्रमुख फूल कुमार खोरी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय जांगिड़ उपस्थित रहे।

### तावडू में बने मकबरों की पुरातत्व विभाग नहीं ले रहा सुध, लोगों में रोष

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**/तावडू। शहर व क्षेत्र में पुरातत्व विभाग की लापरवाही के चलते तावडू में स्थित मकबरों की मरम्मत आज तक पूरी नहीं हो पाई है। ये मकबरे आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सन 1269 ई0 से पूर्व गुलाम खानदान के आखरी बादशाह बलवन ने शहर के सरकारी अस्पताल के समीप स्थित मकबरों को बनवाया था। लेकिन उनके समय के बाद इनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। हालांकि पुरातत्व विभाग ने इन मकबरों को पर्यटक स्थलों में बदलने की नीयत से यहां इनके खोए रूप को दोबारा लाने के लिए 2003 में महत्तवपूर्ण कदम उठाए थे। जिस पर कुछ समय अमल भी हुआ और 1 मकबरे की मरम्मत भी की गई तथा उसके बाद भी 1 और मकबरे की मरम्मत शुरू की गई। लेकिन पिछले लंबे समय से यहां पर मरम्मत का कार्य पूर्णत- बंद पड़ा हुआ है और इन मकबरों की हालत बद-बदतर हो रही है। पुरातत्व विभाग ने इन मकबरों को विकसित करते समय शहरवासियों को सपना दिखाया कि इस स्थान के पर्यटक स्थल बन जाने के बाद तावडू में चार-चांद लग जाएंगे।

### तावडू में शिकायत पर मिलावट खोरों पर छापामारी करने पहुंची टीम, बाजार हुआ बंद



तावडू। शहर में मिलावटखोरी बढती ही जा रही है। जिसकी शिकायत संबंधित विभाग को आए दिन लगती ही रहती है। जिसके चलते शनिवार को विभाग की टीम ने तावडू में छापामारी की तो जिस प्रतिष्ठान की उन्हें शिकायत मिली थी वह प्रतिष्ठान बंद पाया गया। जिसकी भनक लगते ही खाद्य सामग्री बेचने वाले व मिष्ठान भंडार बंद हो गए। विभाग से सैंपल लेने आए डाक्टर रमेश चंद ने बताया कि उन्हें एक प्रतिष्ठान पर मिलावटखोरी की सूचना मिली थी। जिसको लेकर वह शनिवार को तावडू पहुंचे तो वी प्रतिष्ठान बंद मिला और देखते ही देखते पूरा बाजार बंद हो गया। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन आरंभ हो रहा है। विभाग द्वारा समय-समय पर छापामारी चलती रहेगी। उन्होंने मिलावटखोरों को आगाह किया कि खाद्य पदार्थ में किसी तरह की मिलावट न करें। अन्यथा सैंपल फेल होने पर उनके खिलाफ नियामानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मेवात को मिला पहला अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी कोच

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**



तावडू। मेवात में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है अगर निखारने वाला मिल जाए तो ऐसा ही एक उदाहरण उपमंडल के गांव जौरासी का रहना वाला अजय धामीवाल मेवात को पहला अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी कोच मिला। जैसे ही रिजल्ट आया वैसे ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और गांव में अजय के घर बधाई देने वाले को तांता लगा रहा। अजय गांव का जौरासी के रामफल के पुत्र हैं, वे एक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। जिला खेल अधिकारी मेवात वेदप्रकाश लांबा ने बताया ये मेवात के लिए बहुत बड़ी अचीवमेंट है। जो की मेवात को पहला इंटरनेशनल मुक्केबाजी कोच के रूप में मिला है। अजय एनआईएस डिप्लोमा क्वालिफाइड कोच भी हैं और नेशनल स्तर के 2 स्टार रेफरी जज भी है। यह कोर्स ऑनलाइन इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा के 18 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित की गई थी। जिसमे मेवात के अजय धामीवाल ने भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह परीक्षा उत्तीर्ण की। जो अब देश विदेश में होने होने वाली प्रतियोगिता में भारत का कोच के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। अजय के कोच धर्मेंद्र धारीवाल ने बताया की अजय बहुत मेहनती खिलाड़ी भी रहा है और राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपना लोहा मनवा चुका है। ये बहुत की खुशी की बात है मेवात को पहला इंटरनेशनल मुक्केबाजी कोच मिला है। अब सिर्फ और सिर्फ मेवात में प्रतिभा को सामने लाना है यह मेवात के खुशी की बात है। इस खुशी के मौके पर हरियाणा मुक्केबाजी संघ के अधिकारी ने अजय धामीवाल और उसके माता पिता को बधाई दी और कहा हमे आप पर गर्व है व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### तावडू में भागवत कथा का हुआ आयोजन



**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू। शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को बतौर मुख्यअतिथि सोहना-तावडू विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने भाग लेकर कमेटी को अपने निजि कोष से 51 हजार रूपए दान दिया। वहीं हरिद्वार से आई पूज्या देवी मधु उपाध्याय ने कथा के प्रथम दिवस में श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया कि केसे भगवान पूर्ण ब्रह्म सच्चिदानंद कृष्ण भागवत जी में समाय केसे और ज्ञान भक्ति वैराग्य की संतुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि कैसे पापी से पापी मनुष्य भागवत की कथा श्रवण मात्र से मुक्ति पा लेता है। जैसे धुंधकारी नाम का ब्राह्मण पाप में लिप्त था, लेकिन भागवत की कथा से उसका भी तरण तारण हो गया। पितृ पक्ष में भागवत कथा श्रवण मात्र से पापी मनुष्य मोक्ष का अधिकारी बन जाता है। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो भागवत कथा कलियुग में साक्षात् भगवान के दर्शन के बराबर होती है। श्रीमद भागवत कथा के स्मरण करने मात्र से हमारे सभी पाप नष्ट हो जाते है और अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने हेतु देवता गण भी तरसते रहते हैं और मानव प्राणी को इस कथा का लाभ व आशीर्वाद आसानी से भी मिल सकता है।

### हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड राज्य कार्यकारिणी की बैठक आयाजित



**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू। उपमंडल के गांव पाटूका के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रवक्ता एंव जिला प्रशिक्षण आयुक्त जय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदुस्तान स्काउटस एंड गाइड की राज्य कार्यकारिणी की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य कोषाध्यक्ष सतेंद्र कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा जिला सचिव आदरणीया निकिता खुराना बैठक की अध्यक्ष रहीं। बैठक के प्रारम्भ में जिला कार्यकारिणी द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया। ततपश्चात हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड से सम्बंधित कई विषयों व बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई । जिनमें जिला कार्यकारिणी का विस्तार, भविष्य में होने वाले अध्यापक व छात्रों के प्रशिक्षण शिविर, जिले में जिला स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन, अन्य परमार्थ के कार्यों का संचालन करना, शिक्षा के प्रति जन-जागरण अभियान चलाना, पर्यावरण सम्बंधी जागरूकता अभियान आदि। मीटिंग में जिला कार्यकारिणी की सचिव निकिता खुराना, , जिला संगठन आयुक्त किशोर जावलिया, सुरेश आदि थे।

# महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण में पिछड़ा वर्ग ने मांगा अपना हक

## धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के मार्फत सौंपा ज्ञापन

### भाजपा सरकार पिछड़ो पर जो कुठाराघात कर रही है उसे नहीं करेंगे बर्दाश्त

**भरोसा मित्र ब्यूरो**




रेवाड़ी। केंद्र सरकार की ओर से पास किए गए महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण न दिए जाने के विरोध में शनिवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा के आह्वान पर पिछड़ा वर्ग कल्याण सभा रेवाड़ी की ओर से मास्टर रामकिशन जांगिड़ सरपंच कोसली की अध्यक्षता में पांच घंटे का धरना दिया गया तथा मांगों को लेकर राष्ट्रीय के नाम उपायुक्त के मार्फत ज्ञापन सौंपा गया।

सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के बिल का सभी पिछडा वर्ग संगठन विरोध करता हैं। सभी वक्ताओं ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि पिछडे वर्ग की महिलाओं को इसमें आरक्षण न दिये जाने पर सभी संस्थाओं में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। आरडी जांगिड़ उपाध्यक्ष पिछडा वर्ग कल्याण समिति ब्लाक-ए ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा सरकार हमारे साथ असंवैधानिक अन्याय कर रही है। हम आग्रह करते हैं कि हमारा शोषण करना बन्द करें और संवैधानिक हमारे हकों की सुरक्षा करे तथा जातिगत जनगणना शीघ्र कराई जावे। महिला आरक्षण के अंतर्गत पिछडे वर्गीय (ओबीसी) महिलाओं के लिए इसमे सीटें आरक्षित की जांवे अर्थात् आबादी के अनुपात में आरक्षण इसमें दिया जावे। विधानसभा, लोकसभा व राज्यसभा में संख्या के अनुपात में ओबीसी का कोटा आरक्षित किया जावे तथा सभी बोर्डों निगमों में इसी तरह से आरक्षण देना सुनिश्चित किया जावे। इस मौके पर कुलदीप यादव, दौलत राम प्रजापति, ईश्वर सिंह, लोकेश यादव नगर पार्षद व रमेश चन्द सैन ने भारत सरकार द्वारा पिछडे वर्ग के साथ किये जा रहे कुठाराघात की निन्दा करते हुए कहा कि हमारे संवैधानिक अधिकार हमें अविलम्ब दिये जावे। यदि नहीं तो परिणाम भुगतने को तैयार रहें। अब हम और अन्याय सहन नहीं करेंगे। इसी चरण में 17 अक्टुबर को जिला मुख्यालयों पर भारी संख्या में उपस्थित होकर रोष स्वरूप प्रदर्शन किए जाएंगे।

इस मौके पर रामकिशोर प्रजापति, शेरसिहं प्रजापति, बीर सिंह प्रजापति, संतोष कुमार जांगिड, महावीर प्रसाद जांगिड, सोमबीर जांगिड, मनोज कुमार जांगिड, हरगोंबिंद योगी, करतार सिंह सैन, राजेश कुमार यादव, रामकुमार यादव, हजारी लाल, सुमेर सिंह, राजेश जांगिड, नरेन्द्र रोहिल्ला, कांशीराम, आचार्य रामचन्द्र समेत काफी संख्या में पिछड़ा वर्ग के लोग मौजूद रहे।

# इकरारनामा करने के बावजूद नहीं कराई प्लाट की रजिस्ट्री

## 25 लाख रुपये की ठगी

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। शहर के सेक्टर चार में प्लाट खरीदने को लेकर गुरुग्राम के एक व्यक्ति से 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी गई। शिकायत के बाद माडल टाउन थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम के सेक्टर 51 निवासी रतनलाल ने कुछ वर्ष पूर्व हिसार में रहते थे तथा वहां उनकी हिसार निवासी शमशेर सिंह से अच्छी जान पहचान थी। शमशेर सिंह ने रतनलाल को बताया कि उसके ससुर सतबीर का रेवाड़ी के सेक्टर चार में तीन मरला का प्लाट है। उसे पैसों की जरुरत है। या तो उस प्लाट को बिकवा दे या फिर खरीद लें। जिसके बाद रतनलाल ने रेवाड़ी आकर प्लाट देखा। पसंद आने के बाद उन्होंने शमशेर सिंह व उनके ससुर सतबीर सिंह से तीन मरला के इस प्लाट का 32 लाख में सौदा कर लिया। रतनलाल के अनुसार सौदा तय होने के बाद आरोपियों ने उससे 25 लाख रुपये नकद ले लिए व बकाया रजिस्ट्री के समय देने की बात कही। जिसके लिए बकायदा इकरारनामा भी कर लिया गया। रतनलाल के अनुसार रजिस्ट्री से पूर्व वह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्लाट से संबंधित जानकारी जुटाने पहुंचा तो पता लगा कि इस प्लाट की अलॉटमेंट सतबीर सिंह के नाम पर नहीं है, बल्कि किसी और के नाम पर है। साथ ही यह भी पता लगा कि इस प्लाट पर रेवाड़ी के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने कोर्ट में केस कियाहुआ है। इसके बाद रतनलाल ने तुरंत शमशेर सिंह व उसके ससुर सतबीर के पास पहुंचकर बात बताई तो शमशेर व सतबीर भरोसा दिलाया कि वे कोर्ट में इस केस को जीत जाएंगे, अगर हार गए तो वे ब्याज सहित उसके पैसे वापस लौटा देंगे। रतनलाल के अनुसार पिछले दिनों कोर्ट के आदेश पर ये प्लाट सतबीर के नाम पर विभाग की ओर से अलाटमेंट कर दिया गया। जिसके बाद रतनलाल ने शमशेर व सतबीर से प्लाट की रजिस्ट्री कराने की बात कही। तो आरोपियों ने न तो प्लाट की रजिस्ट्री कराई और न ही पैसे वापस लौटाएं। जिसके बाद रतनलाल मॉडल टाउन थाना में इसकी शिकायत दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# खबर फटाफट

## वायु सेना दिवस पर वीडियो के माध्यम से दिखाई गई हवाई जहाज के सफर की कहानी



रेवाड़ी। दिल्ली रोड़ स्थित आरपीएस विद्यालय में भारतीय वायु सेना दिवस के अवसर पर प्रातः कालीन सभा का आयोजन किया गया। बच्चों ने भारतीय वायु सेना पर आधारित भाषण दिए एवं जीके के प्रश्न पूछे गए। बच्चों के उत्साह को देखते हुए हवाई जहाज से संबंधित दो वीडियों दिखाई गई। प्रथम वीडियों में बच्चों को सन् 1903 से 2023 तक बनी सभी हवाई जहाजों को विस्तार से दिखाया गया। जबकि दूसरी के माध्यम से दिखाया गया कि हवाई जहाज कैसे उड़ता हैं। कक्षा तीसरी एवं चौथी के विद्यार्थियों ने पेपर ग्लास से प्लेन के वर्किंग मॉडल बनाए एवं चार्ट पेपर द्वारा हवाई जहाज बनाकर उड़ाई। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय वायु सेना दिवस के प्रति जागरूक करना एवं महत्व बताना था। प्राइमरी अध्यक्ष सुनीता यादव ने भारतीय वायु सेना में शामिल होने व पायलेट बनने के लिए बच्चों को प्रेरित किया साथ ही भारतीय वायु सेना के जवानों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की।

## डा. भीमराव अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

रेवाड़ी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 की अवधि के लिए डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। छात्र आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी डीसी राहुल हुड्डा ने दी।डीसी ने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित वर्ग के जिन शहरी विद्यार्थियों के कक्षा दसवीं में 70, कक्षा बारहवीं में 75 व स्नातक कक्षाओं में 65 प्रतिशत अंक हैं वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार गांवों में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी के कक्षा दसवीं में 60, बारहवीं में 70 व स्नातक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग-ए के शहर में रहने वाले विद्यार्थी ने मैट्रिक में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। पिछड़ा वर्ग-बी के शहरी छात्र या छात्रा के मैट्रिक में 80 एवं ग्रामीण विद्यार्थी के 75 प्रतिशत अंक होने चाहिए तभी वह योजना का पात्र होगा। उन्होंने बताया कि इन विद्यार्थियों को आठ हजार रुपए दसवीं पास होने पर, एससी आवेदक को बारहवीं पास करने पर आठ से दस हजार रुपए तथा स्नातक पास होने के बाद 9 से 12 हजार रुपए आगे की पढ़ाई के लिए दिए जाएंगे।

## विवान कालरा में अंडर-11 टेटे में जीता कांस्य

रेवाड़ी। सेक्टर-4 स्थित अकादमी के छात्र विवान कालरा ने यमुनानगर में आयोजित हरियाणा स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 11 आयु वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया है। कोच सन्नी, प्रमोद यादव, रजनी गुप्ता ने विवान ने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत की। विवान ने कहा की मेरी जीत में मेरी माता मीनाक्षी कालरा व पिता पंकज कालरा का अहम योगदान है। विवान ने कांस्य पदक मुकाबले में गुरुग्राम के प्रतिद्वंदी को हराकर मैच अपने नाम किया। इस मौके पर यतीश सिंघल अनुष्का, अरुण, तन्मय, विपुल सैनी, युवराज मौजूद रहे।

## जिला आइस स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का हुआ चयन

रेवाड़ी। जिला आइस स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से धारूहेड़ा स्थित स्कूल में रेवाड़ी टीम का चयन किया गया। जो 8 अक्टूबर को रोहतक में आयोजित होने वाली हरियाणा ऑफ आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रेवाड़ी जिले से अंडर-6 वर्ग में पूर्व यादव, दीक्षित सैनी, अग्रिम, आना यादव, अंडर-8 आयु वर्ग में परीक्षित जांगड़ा, आयुष, रूहानिका गोयल, ध्रुव चौहान, दीपेन यादव, रियान, दीपिका, मलंद अनेजा, धनंजय अग्रवाल, अंडर-10 आयु वर्ग में डियर, अमरीश यादव, हर्षित, देवांश, प्रिंस, नक्श कुमार, अंडर-13 वर्ग में भविष्य, समर्थ, ऋषभ, दक्ष, अंशुल, दीपा शर्मा, अंडर-17 आयु वर्ग में रुद्राक्ष गोयल आदि खिलाडि ों का चयन किया गया है। शिक्षाविद सुधीर यादव ने खिलाडि ों को बधाई दी और टीम कोच मुकेश चौहान तथा संदीप कुमार के नेतृत्व में यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेगी। सभी खिलाडि ों और कोचों को संस्था के सचिव गोविंद शर्मा ने बधाई दी।

## सहकारिता मंत्री सोमवार को करेंगें परिवार पहचान पत्र त्रुटि सुधार कैम्प का शुभारंभ

रेवाड़ी। सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल नागरिकों को परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों के कारण हो रही परेशानियों से निजात दिलाने के लिए 9 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से गांव नन्दरामपुरबास में एक दिवसीय त्रुटि सुधार कैम्प का शुभारंभ करेंगे। कैम्प का संचालन परिवार पहचान पत्र के राज्य समन्वयक डाण् सतीश खोला व उनकी टीम द्वारा किया जाएगा। कैंप में आमजन केवल अपना परिवार पहचान पत्र साथ लाकर नागरिक संसाधन सूचना विभाग की टीम के सदस्यों से परिवार पहचान पत्र की गलतियां ठीक करा सकते हैं। यह जानकारी सहकारिता मंत्री के निजी सचिव ने दी।

## अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए जागना होगा : सुनील बैरागी

रेवाड़ी। समाज में एक नए परिवर्तन के उद्देश्य को लेकर उजाला पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुनील बैरागी उर्फ भोलेबाबा के नेतृत्व में गुरुग्राम से चली कल्याणी यात्रा विभिन्न राज्यों से होती हुई शनिवार को रेवाड़ी पहुंची। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। कल्याणी यात्रा के रेवाड़ी पहुंचने पर उजाला पार्टी के रेवाड़ी प्रभारी मुख्त्यार चौधरी ने सुनील बैरागी उर्फ भोले बाबा का स्वागत करते हुए बताया कि गरीब, मजदूर, किसान की उन्नति तथा तरक्की, उनके मान-सम्मान को लेकर गुरुग्राम के सीता-राम मंदिर शीतला माता से यह यात्रा शिवरात्रि उपरांत प्रारंभ की थी। यात्रा पंजाब, हिमाचल, ज्वाला माता, वैद्यनाथ धाम, शिमला होते हुए रेवाड़ी पहुंची है। उन्होंने कहा कि हमारा देश नेताओं के विश्वास से नहं भगवान के विश्वास से चल रहा है। भक्त सेवक नेताओं को कुछ नहीं मानते। वो सत्य को मानते हैं तथा वर्तमान भारत का सत्य है।

# आमजन को किया साइबर सुरक्षा बारे में जागरूक

### साइबर थाना पुलिस ने मोती चौक व डिजिटल लाईब्रेरी में लगाई पुलिस की पाठशाला

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



रेवाड़ी। पुलिस विभाग की ओर से अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने के तहत शनिवार को साइबर थाना पुलिस टीम ने शहर के मोती चौक व डिजिटल लाईब्रेरी में लगाई पुलिस की पाठशाला लगाकर आमजन को किया साइबर अपराधो बारे जागरूक। इस मौके पर साईबर थाना के एसआई राहुल व उनकी टीम ने साईबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता, कैडिट-डेबिट कार्ड की जानकारी साझा ना करे। अपने फेसबुक व्हाट्सऐप पर टू स्टैप वैरिफिकेशन जरूर लगाये। अपने फेसबुक-इंस्टाग्राम के एकाउंट को प्राईवेट रखें व ओटीपी किसी से भी शेयर ना करेए और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को साझा करें। उन्होंने कहा कि अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए महीने में एक बार अपने गूगलपे, एटीएम व अन्य ऑनलाईन पेमेन्ट एप्प का पासवर्ड बदले। आज का युग मोबाईल व इंटरनेट का युग है। साईबर अपराधी आपको तरह तरह के लालच देकर आपको अपने झांसे में फसाने की कोशिश करता है। जो व्यक्ति साईबर अपराधों बारे जागरूक है वह इन साईबर अपराधियों के झांसे में नही आता व जिस व्यक्ति को साईबर अपराधों बारे जानकारी नही है वह मोबाईल के एक गलत क्लिक से साईबर अपराधियों दवारा ठगा जाता है आज के समय में हम सभी को साईबर अपराधो बारे जागरूक होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर सिपाही अशोक कुमार व महिला सिपाही प्रियंका भी मौजूद रही।

# गांजा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-1 रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की राजस्थान के जिला अलवर के भिवाड़ी के नीलम चौक निवासी ओमप्रकाश उर्फ टीटू पुत्र झरिया के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया गश्त के दौरान 27 दिसम्बर 2021 को सूचना मिली थी कि साजन राम उर्फ चौटाला निवासी बिहार, जो कालका रोड नजदीक अजीत उर्फ लालाजी उर्फ मिर्ची निवासी वाल्मिकी बस्ती धारूहेडा चूंगी के खोखे पर मीट बेचने का काम करता है। जो अजीत के साथ मिलकर गांजा बेचता है। सूचना के बाद रैडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान साजन राम उर्फ चौटाला के रूप में हुई। उसने बताया कि वह तथा अजीत उर्फ लालाजी उर्फ मिर्ची मिलकर मीट के खोखे पर गांजा बेचते है। जिस पर पुलिस द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर मीट के खोखे की तलाशी ली गई तो खोखे से 186 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना माडल टाऊन में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने बताया की उन्हें यह अवैध गांजा भिवाड़ी निवासी ओमप्रकाश उर्फ टीटू ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश उर्फ टीटू को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर इनसो ने आईजीयू रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

## मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



रेवाड़ी। जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विश्वविद्यालय की समस्याओं को लेकर रजिस्ट्रार प्रमोद भारद्वाज को मांगों का ज्ञापन सौंपा। इनसो नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इनसो प्रदेश प्रभारी रवि मसीत ने बताया कि विश्वविद्यालय में काफी समस्या है।

जैसे की बसों की समस्याएं, गर्ल्स हॉस्टल में वाइई फाई की समस्या, खेल मैदान, लाइब्रेरी में वाई फाई की समस्या, शौचालय की बुरी हालत, पानी की समस्या, बसों की कमी, एमकाम में प्लेसमेंट, लैब में ऐसी, मेडिकल सुविधा, करेक्शन चार्ज स्टूडेंट से लिए जाने, कंपटीशन एग्जाम की क्लास शुरू करने, आंसवर शीट की फीस ना लेने, परीक्षा परिणाम में समस्या, छात्रों की जिम की समस्या समेत विश्वविद्यालय में अनेकों समस्याएं है। जिनको लेकर रजिस्ट्रार ने जल्दी ही ठीक करवाने का आश्वासन दिया। इनसो छात्र नेता मनीष चौधरी ने बताया कि इनसो हमेशा छात्रों की हक की लड़ाई लड़ती आई है। विद्यार्थियों की मांगी जाए उनकी मांगों को पूरा किया जाए। विद्यार्थियों को शिक्षा का अच्छा वातावरण मिलना चाहिए। अगर मांगे नहीं मानी जाती है तो इनसो आन्दोलन करेगी। इस मौके पर इनसो छात्र रिंकी, अमन, विक्रांत, आवेश राव, कर्म जाट आदि उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

### दबाव बनाकर धमकी देने का उद्घोषित आरोपी काबू

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



रेवाड़ी। जगन गेट चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शहर के बड़ा तालाब निवासी जतिन उर्फ टिटन पुत्र मोहनलाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। जांचकर्ता ने बताया कि गांव जड्थल निवासी राहुल कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि गत 5 अक्तूबर को वह सर्कुलर रोड स्थितमॉल मे कपडे खरीदने के लिए आया था। उसने अपनी बाइक को मॉल के बाहर खडी की थी। जब वह कपडे खरीद कर मॉल से बाहर आया तो उसकी बाइक वहां पर नहीं मिली। जिस पर पुलिस ने राहुल कुमार शिकायत पर थाना शहर में चोरी का मामला दर्ज कर मामले की जाँच शुरू की थी।

जाँच के बाद पुलिस ने मामले में एक आरोपी बड़ा तालाब निवासी जतिन उर्फ टिटन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी को अदालत में पेश कर उचित पुलिस रिमांड पर लिया जायगा।

वहीं एक अन्य मामले में पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव करोता निवासी कुलदीप उर्फ केडी पुत्र रामसिंह के रूप में हुई है। आरोपी थाना खोल के वर्ष 2020 में दर्ज दबाव बनाकर धमकी देने के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इसके पश्चात माननीय अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में अलग से 174ए के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**नमन** | चुनाव आयोग द्वारा 9 दिसंबर तक किया जा रहा है वोट बनाने का कार्य

# नया वोट बनवाकर जीतें लेपटॉप, स्मार्टफोन

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। निर्वाचन आयोग की तरफ से युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार देने की अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत पहली अक्टूबर से 9 दिसंबर तक नया वोट बनवाने वालों को 5 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले जाने वाले लक्की ड्रा में लेपटॉप, स्मार्टफोन और पैन ड्राइव दिए जाएंगे। इसके अलावा इस अवधि के दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार 'आओ भाग लेकर पाएं आकर्षक उपहार' की पहल प्रदेश के पात्र युवाओं एवं महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है। ऐसे व्यक्ति वोटर हेल्पलाइन पर ऑनलाईन फार्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही आकर्षक ईनाम भी जीत सकते है। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती निवार्चन आयोग द्वारा उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। सभी पात्र व्यक्तियों को अपने वोट अवश्य बनवा लेने चाहिए। डीसी ने बताया कि मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कि जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है, और अपना वोट बनवाने के लिए पात्र है। उन्हें वोट बनवाने के लिए स्थाई आवास का पता, जन्म तिथि तथा पासपोर्ट साईज का फोटो सहित तीनो की फोटो प्रतियां फार्म 6 के साथ लगानी होंगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से तथा ऑफ लाईन बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि वोट बनवाने के लिए किसी भी तरह की दिक्कतें आती हैं तो वे वोटर हेल्पलाईन नम्बर 1950 तथा वोटर हेल्पलाईन एप पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।



### विशेष अभियान चलाकर बनाए जाएंगे नए वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर शनिवार 4 नवंबर व रविवार 5 नवंबर तथा शनिवार 2 दिसंबर व रविवार 3 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म-6 भरवाने का कार्य करेंगे। इसके बाद 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को आयोग की ओर से एक और मौका दिया गया है। जिसके तहत एक जनवरी 2024 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर 27 अक्टूबर से लेकर 9 दिसंबर 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नई वोट बनाने का कार्य किया जाएगा।

## रेवाड़ी जिला के 5 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को मिला मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के स्तर में और अधिक सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में विद्यार्थियों के शौक्षणिक स्तर, बौद्धिक विकास, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, कौशल विकास और नवाचार पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेशभर के 67 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा देने का निर्णय लिया है। जिनमें रेवाड़ी जिला के बावल, जाटूसाना, खोल, नाहड़ व रेवाड़ी खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

# आईजीयू कुलपति व एक प्रोफेसर ने वर्ल्ड टॉप साइंटिस्ट-2023 की सूची में पाया स्थान





**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव व गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश कुमार ने वर्ल्ड टॉप-2 ~ साइंटिस्ट की अगस्त 2023 की सूची में अपने कार्य क्षेत्र में बेहतरीन शोध की वजह से स्थान पाया है। यह सूची स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा तैयार की गई है व ऐलसेवियर ने प्रकाशित की है। यह विश्वविद्यालय के लिए बड़े ही हर्ष की बात है। इस उपलब्धि पर कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि बेहतरीन शोध कार्यों को देखते हुए वैज्ञानिकों की सूची में नाम आना विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व की बात है। कुलपति प्रो. जेपी यादव एवं प्रो. सुरेश कुमार वर्ष 2022 की साइंटिस्ट सूची में भी अपना नाम दर्ज करवा चुके है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव, शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी।

## खबर फटाफट

### यदुवंशी डिग्री कालेज में पर्यावरण एवं सतत विकास पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नारनौल।** स्थानीय यदुवंशी डिग्री कॉलेज के में पर्यावरण एवं सतत विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न विश्वविद्यायल एवं महाविद्यालयों में अनुसंधानकर्ता एंव प्रोफेसर ने भाग लिया और वर्तमान की पर्यावरणीय दशाओं पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में शोध पत्रों पर चर्चा के लिए तकनीकी सत्र के चेयरपर्सन डा. निखिलेश यादव इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर एवं डा. हवा सिंह यादव भूगोल विभाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय नारनौल रहे।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. आरएन यादव पर्यावरण विद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता यदुवंशी शिक्षा निकेतन की निदेशक सुरेश यादव ने की। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवीर यादव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। अंत में डा. प्रदीप यादव ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डा. सोनल यादव, डा. राजकुमार, डा. अभिलाषा आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

### राकेश यादव बने हरियाणा यादव महासभा के युवा उपाध्यक्ष

**नारनौल।** हरियाणा यादव महासभा के अध्यक्ष रमेश राव पायलट द्वारा राकेश यादव नरनौल को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि राकेश यादव समाज के हर मुद्दे पर समाज के साथ खड़े रहते हैं। सामाजिक धार्मिक कार्यों में पूरा समय देते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं, चाहे रक्तदान अभियान हो, धार्मिक आयोजन हो, अहीर रेजिमेंट की मांग के लिया धरना प्रदर्शन में सहयोग हो और उनकी समाज के प्रति निष्ठा देखते हुए उन्हें आज हरियाणा यादव महासभा में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

### रविवार को धौलेड़ा पॉवर हाउस व शहर में रहेगा पॉवर कट

**नारनौल।** नारनौल-धौलेड़ा सडक़ मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। सडक़ चौड़ा करने के चलते बिजली के कई पोल इसके बीच में आ जाएंगे, जिनसे हादसे हो सकते हैं। इन हादसों से बचने के लिए 8 अक्टूबर वार रविवार को धौलेड़ा पॉवर हाउस एवं आसपास के बिजली के खंभों को सडक़ से हटाया जाएगा। इसके चलते 33 केवी पॉवर हाउस धौलेड़ा में प्रात 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए बिजली निगम के जेई दलीप सिंह ने बताया कि पॉवर कट के दौरान सडक़ में आने वाले खंभों को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। इस कारण क्रेशर जोन एरिया समेत धौलेड़ा 33 केवी पॉवर हाउस से जुड़े गांवों की बिजली आपूर्ति भी बंद रहेगी। इसी कड़ी में रविवार को नारनौल शहर में नई अनाज, सब्जी एवं पशुचारा मंडी से पॉलोटेक्नीक तक के एरिया की बिजली गुल रहेगी। इस कारण रविवार को प्रात 9 बजे से दोपहर दो बजे पॉवर कट लगेगा। जेई दलीप सिंह ने बताया कि लाइनों के मरम्मत कार्य के चलते इस एरिया में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से इस कार्य में बिजली निगम का सहयोग मांगा है।

### नहीं हुई कनीना अनाज मंडी में बाजरे की खरीद, उठान रहा जारी

**कनीना।** कनीना अनाज मंडी चेलावास में बाजरे की शनिवार को कोई खरीद नहीं हुई। रविवार को भी अनाज मंडी बंद रहती है परंतु बाजरे का उठान जारी है। विस्तृत जानकारी देते हुए फिर के भरपूर सिंह ने बताया की अब तक करीब 2 लाख 24000 बैग बाजरे की खरीद हो चुकी है जिसमें से 155000 बैगों को उठान किया जा चुका है। अभी भी करीब 69000 बैग फड़ों पर पड़े हुए हैं। रविवार को भी उठान जारी रहेगा। इसके बाद सोमवार को पुन बाजरे की खरीद होने की संभावना है। अभी भी भारी संख्या में किसान अपने बाजरे को बेचने के लिए लालायित हैं।

### रेलवे स्टेशन पर आमजन को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**नारनौल।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। जिससे साइबर अपराधों से आमजन जागरूक होकर अपने को बचा सकें। टीम से एसआई दीपक ने बताया कि साइबर अपराध की घटनाओं की रोकथाम के लिए के लिए पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आमजन व युवा वर्ग को साइबर अपराध से कैसे बचा जाए, इसके बारे में बताया जा रहा है। यदि साइबर ठगी के शिकार हो जाए तो क्या करें, शिकायत कैसे और कहां करें, इसकी जानकारी दी जा रही है। साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जालसाज विभिन्न तरह से ओटीपी प्राप्त कर खातों से धन की निकासी करते हैं। कभी भी ओटीपी को अनजान के साथ शेयर न करें। वर्तमान समय में साइबर जालसाजों द्वारा आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। साइबर जालसाजों से बचने के लिए सोशल प्लेटफॉर्म का सावधानी व सतर्कता के साथ प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अपराधियों द्वारा इंटरनेट मीडिया को साइबर क्राइम का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए खुद जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए।

### जी-20 के आयोजन से भारत देश की दुनिया में साख बढ़ी: उपदेश अन्दोत्रा

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के दो दिवसीय प्रवास संगठन कार्यक्रम के तहत भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य एवं पंजाब के महिला मोर्चा की प्रभारी सुश्री उपदेश अन्दोत्रा ने जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। उनका मकसद देश-प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर उनका प्रभाव जानना, स्थानीय समस्याओं का आंकलन करना एवं राज्य के विकास को गति प्रदान करना था। इस उद्देश्य से चलते उन्होंने खालड़ा हनुमान जी मंदिर के दर्शन किए तथा वहां के सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व को जाना। शुरूआती कार्यक्रम नीरपुर एवं पीरआगा की आंगनबाड़ी में आयोजित किए गए, जहां अन्दोत्रा ने महिलाओं एवं लाभार्थी महिलाओं से मुलाकात की तथा उन्हें भाजपा की नीतियों एवं सरकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उनके लाभ एवं महत्व को जाना। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर न केवल अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकती हैं, बल्कि आसपास की महिलाओं का प्रेरित कर उन्हें भी लाभ पहुंचाने में मदद कर सकती हैं। उनके साथ महिला मोर्चा की महेंद्रगढ़ जिला प्रभारी सरोज यादव, नारनौल विधानसभा प्रभारी नीतू चौधरी, महामंत्री कविता यादव एवं अरुणा कौशिक उनके साथ थी। तत्पश्चात उन्होंने भाजपा महिला कार्यकर्ता के घर जलपान किया तथा दोपहर के समय सुनीता सिलारपुरिया के घर भोजन किया।

---

सरकार ने 87 लाख 85 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की

# ढाणी छावड़ी, चीमी व बिसना की फिरनी पक्की करने की मिली स्वीकृति: अभय

15 किलोमीटर के एक से दूसरे गांव को जोड़ने वाले रास्ते पक्के करने की भी मिली स्वीकृति

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नांगल चौधरी हलके के गांव नायन की ढाणी छावड़ी, ढाणी चीमी एवं ढाणी बिसना की फिरनियों को पक्का करने के लिए हरियाणा सरकार ने 87 लाख 85 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही 15 किलोमीटर की लम्बाई के एक से दूसरे गांव को जोड़ने वाले रास्ते भी पक्के करने की स्वीकृति सरकार से प्राप्त हो चुकी है।

इसमें मुख्य रूप से इस्लामपुर से मूसनोता बॉर्डर, गंगूताना से दौखेरा, बसीरपुर व्यायामशाला से मुकुंदपुरा रास्ता, ढाणी किशना की से पीडब्ल्यूडी रोड, मेघोत हाला फिरनी से बखरीजा बॉर्डर, रायमलिकपुर से गोठड़ी बार्डर, अकबरपुर से भोजावास, बलाहा कला से नावता बॉर्डर, दोचाना राजवंशी स्कूल से जादूपुर, जालपोड़ा से ऊँटोली रोड, बदोपुर नदी का रास्ता, कमानियां से अकबरपुर स्कूल, नांगल पीपा से कमानियां, ढाणी नरड़ से



पीडब्ल्यूडी रोड़, रोपड़ सराय की ढाणी लौढा से पीडब्ल्यूडी रोड सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि हलके की एकमात्र टूटी सडक़ नारनौल धोलेड़ा रोड को भी सीमेंट कंक्रीट से बनाने का काम प्रारंभ हो चुका है एवं धोलेड़ा बाईपास पर निर्माण प्रगति पर है। डा. यादव ने कहा कि पिछले नौ साल में समस्त महेंद्रगढ़ ज़िले के आधारभूत ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और आज समस्त जिला राष्टीय राजमार्ग एवं अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है।

#### ढाणियों के रास्ते कच्चे होने से ग्रामीणों को होती थी दिक्कत

नांगल चौधरी के विधायक डा अभय सिंह यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नायण की ढाणीयों की फिरनी का कार्य अधूरा रहने के कारण ग्रामीणों की दिक्कत को देखते हुए यह प्रस्ताव सरकार को कुछ महीने पहले भिजवाया था तथा सरकार ने अब प्रस्तावित राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इसी तरह का एक गांव से दूसरे गांव को जोडऩे वाले 4 कर्म चौड़ाई के रास्ते कच्चे होने की वजह से न केवल गांवों के बीच आवागमन में परेशानी होती है अपितु इसके साथ ही इससे उन रास्तों पर पडऩे वाली कृषि भूमि में पहुंचने के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इन रास्तों का प्रस्ताव भी सरकार के पास भेजा गया था जो अब मंजूर हो गया है। डा. यादव ने बताया कि नांगल चौधरी हलके में 4 करम और उससे अधिक चौड़ाई के एक सौ से अधिक रास्ते पिछले नौ साल में पक्के किए जा चुके हैं। उनका यह प्रयास रहेगा कि शेष बचे हुए चार करम के रास्ते भी सरकार के इसी कार्यकाल में पक्के कर दिए जाए। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड की सडक़ों के नवीनीकरण और मरम्मत का कार्य भी अगले एक महीने के अंदर प्रारंभ हो जाएगा जिसके अंतर्गत सभी सडक़ों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत का काम किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग की अधिकांश सडक़ें अच्छे हाल में हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है

# हमारा देश फिर से विश्व गुरु बने: ओम प्रकाश



इद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। मेरी माटी मेरा देश-माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत आज खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सिहमा में कार्यक्रम का आयोजन कर अमृत कलश में मिट्टी में चावल एकत्रित किए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर हमारा देश फिर से विश्व गुरु बने। इसी उद्देश्य से मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे देश में चलाया है। उन्होंने कहा कि इन अमृत कलश की मिट्टी का उपयोग हमारे बहादुरों के सम्मान में दिल्ली में शहीद स्मारक के साथ अमृत वाटिका बनाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को हमारे पूर्वजों तथा वीर सैनिकों के बलिदान को याद दिलाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं ताकि युवा पीढ़ी उनके बलिदान व समर्पण को याद रखें।

---

# सौ मीटर दौड़ में अदिति आर्य ने पाया तीसरा स्थान

इद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इण्डिया द्वारा आयोजित 36वीं हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जिला महेंद्रगढ़ की एथलीट ककराला स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा अदिति आर्य सुपुत्री जितेन्द्र कुमार मण्डी कनीना ने सौ मीटर दौड़ में तीसरा स्थान पाकर कास्य पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता करनाल के करण स्टेडियम में 6 से 8 अक्टूबर तक चलेगी। अदिति आर्या की इस उपलब्धि के लिए स्कूल स्टाफ़ एवं क्षेत्र के प्रमुख लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अदिति के पिता जितेंद्र कुमार बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 36 वी हरियाणा ओपन चैंपियनशिप में कुमारी अदिति आर्या ने लड़कियों की 100 मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने साथ-साथ अपने माता-पिता परिवार व जांगिड़ समाज को गौरवान्वित कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने जम्मू कश्मीर में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की योग्यता प्राप्त कर ली है तथा पूर्व में भी इस छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में आठवां स्थान प्राप्त किया है। कनीना एवं आस पास के लोगों ने बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं। जिनमें मास्टर दलीप सिंह पूर्व प्रधान नगर पालिका कनीना, ब्रहमदत नेता, केसी गुप्ता एडवोकेट, सरपंच कृपा राम, मोहर सिंह प्रधान आर्य समाज, भरपूर सिंह हैफेड, नरेन्द्र प्रधान सीहोर, मुकेश नंबरदार, वीरेंद्र सिंह जांगिड़ आदि ने भी शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया है।



---

# पैक्स का हरियाणा में पहला सीएससी सेंटर बलाहां कलां को मिला, किसानों को मिलेगी सुविधाएं

सीएससी सेंटर का सहायक रजिस्ट्रार नरेश कुमार ने किया उद्घाटन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जिला के किसानों के लिए अच्छी खबर है। प्राथमिक कृषि क्रेडिट समिति यानि पैक्स ने हरियाणा का पहला सीएससी सेंटर बहुउद्देश्य सहकारी समिति बलाहा कलां को दिया है। इसका शुक्रवार शाम उद्घाटन सहकारी समितियां सहायक रजिस्ट्रार नरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता को-ऑपरेटिव बैंक महेंद्रगढ़ के जनरल मैनेजर प्रशांत यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीएससी हरियाणा स्टेट मैनेजर रोहित सैन, सहकारी समितियां नारनौल के उप निरीक्षक दलबीर यादव व समिति प्रबंधक अरविंद यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधक अरविंद यादव ने की।



इस अवसर पर मुख्यातिथि नरेश कुमार ने किसानों को पैक्स के कार्य व आने वाली बहुत सी योजनाओं की जानकारी दी। सीएससी बारे प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बलाहां कला पैक्स जिला में अग्रणी होकर कार्य कर रही है। जनरल मैनेजर प्रशांत यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का मानना है, ग्रामीण क्षेत्र में यदि विकास हो सकता है तो वह सहकारिता के माध्यम से हो सकता है। हमारे किसान भाई जो हमारे अन्नदाता है, किसी भी गांव में आप चले जाएं ऐसा कोई बिड़ला ही किसान मिलेगा जो समिति से नहीं जुटा है। किसान अपनी जिम्मेवारी निभा रहा है, वह अन्न पैदा कर रहा है सभी का पेट भर रहा है। समाज व सरकार का दायित्व है किसानों की सेवा करना, इसी परिपाटी पर चलते हुए सरकार ने सोचा है, 170 से अधिक योजनाएं किसानों को यहीं इसी पैक्स में मिलने जा रही है। यह पहला केंद्र है जो प्रबंधक अरविंद यादव ने आगे बढक़र मेहनत करके यहां स्थापित करवाया है। नैनो यूरिया एवं डीएपी भी यहां मिलने लगा है। सीएससी सेंटर आ गया, फिर भी हमारे कदम यहीं नहीं रूकने वाले, हम आगे बहुत सी किसान हित की सुविधाएं मुहैया करवाने जा रहे है। इसी पैक्स में जन औषधी केंद्र खोलने जा रहा है। संक्षेप में बताए जो जेनेरिक दवाइयां बहुत ही कम व किफायती दरों पर मिलेगी। उन दवाओं के लिए अब नारनौल या रेवाड़ी जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल पैदा कर रहा है तो उसे तुरंत मंडी में लेकर जा रहा है। उसके पास ओर कोई चारा नहीं है।

---

# हुंकार रैली में स्कीम वर्कर्स हजारों की संख्या में भागीदारी करेंगी: कृष्णा

8 अक्टूबर को भिवानी के हुडा पार्क में होगी हुंकार रैली

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठन एआईयूटीयूसी व स्कीम वर्कर्स फेडरेशन आफ इंडिया के आह्वान पर प्रदेश की हजारों की संख्या में स्कीम वर्कर्स 8 अक्टूबर को भिवानी के हुडा पार्क में हुंकार रैली में भागीदारी करेंगी। इस आशय की जानकारी देते हुए एआईयूटीयूसी के राज्य प्रधान कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष कृष्णा देवी ने देते हुए बताया कि इस रैली में आशा कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा रजि. नं. 2074, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा रजि. नं. 1996 एवं मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा रजि.नं. 2077 के बैनर तले भारी संख्या में प्रांत की स्कीम कर्मी हिस्सा लेंगी। सभी स्कीम कर्मियों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए। न्यूनतम वेतन 26000 रुपए प्रति माह लागू किया जाए। रिटायरमेंट की उम्र 65 साल की जाए। मानदेय का भुगतान हर माह की 7 तारीख तक किया जाए। आशा कर्मियों के प्रदेश में चल रहे आंदोलन की मांगों को माना जाए। आंगनबाड़ी कर्मियों की हड़ताल के दौरान वेतन में से जबरन की गई 75 प्रतिशत की कटौती का भुगतान किया जाए। मिड डे मील कर्मियों को 10 माह की बजाय पूरी साल का मानदेय दिया जाए। मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की नेत्री कुसुम पांचाल की प्रताडऩा बंद की जाए और उसे तुरंत ड्यूटी पर लिया जाए समेत अन्य ज्वलंत मांगों को जोर शोर से उठाया जाएगा। हुंकार रैली के बाद कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल को ज्ञापन देकर हरियाणा सरकार से उपरोक्त मांगों को अविलंब लागू करने की मांग की जाएगी। इस रैली को मुख्य तौर पर एआईयूटीयूसी के अखिल भारतीय उपप्रधान एवं सयुक्त किसान मोर्चा के नेता कामरेड सत्यवान, एआईयूटीयूसी के राज्य सचिव हरी प्रकाश, उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी, रामफल सुहाग, कर्मचारी नेता मास्टर सूबे सिंह समेत जाने माने ट्रेड यूनियन नेता एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के अलावा स्कीम वर्कर्स यूनियनों की नेत्रियां सम्बोधित करेंगी।

---

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डा. विक्रम यादव ने की। जिसमें 200 स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान करते हुए संपूर्ण महाविद्यालय इमारत व परिसर की साफ-सफाई की। श्रमदान के उपरांत स्वयं सेविकाओं के लघु जलपान की व्यवस्था की गई। प्राचार्य ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना का अहम् योगदान होता है, चूंकि यहीं से विद्यार्थियों के अंदर सेवा भाव पैदा होता है और कर्म के प्रति निष्ठा भाव जैसे मूल्य विकसित होते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज और विद्यालय के मध्य एक कड़ी का काम करती है। जिससे की समाज के प्रति उनमें अपने उत्तरदायित्वों की समझ पैदा हो सके के बारे में ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिया। डा. सुधीर कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिह्न मैं नहीं पहले आप पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि सच्चा स्वयं सेवक स्वयं से पहले समुदाय को स्थान देता है।



---

बैठक

छलक नाले को शहर का बहुत ही महत्वपूर्ण काम बताया

# ठेकेदार बार-बार गलती करे तो टेंडर रद्द करके नई एजेंसी लाई जाएगी: यशपाल

यदि कोई अधिकारी बिना काम हुए पेमेंट करता है तो उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी, कार्रवाई होगी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा नगर निकाय के निदेशक आईएएस अधिकारी डा. यशपाल यादव ने शनिवार को स्थानीय के लघु सचिवालय परिसर में नगर परिषद के अधिकारियों एवं पार्षदों की एक बैठक ली। इस बैठक में डीएमसी उदय सिंह, नारनौल के एसडीएम मनोज कुमार, चेयरपर्सन कमलेश सैनी एवं नगर परिषद के अन्य अधिकारियों के अलावा शहर के विभिन्न वार्डों से 22 पार्षद उपस्थित हुए। बैठक में सबसे पहले पार्षदों ने अपनी अपनी समस्याएं व सुझाव रखें जिनको विस्तार पूर्वक सुनने के बाद निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए की नगर पार्षद चुने हुए प्रतिनिधि हैं। अधिकारी इनके साथ बैठकर शहर की समस्याओं को दूर करने का काम करें और उनकी बातों पर ध्यान दिया जाए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए निकाय निदेशक डा. यशपाल यादव ने कहा कि नगर निकायों का एक बड़ा दायित्व है। जिसके चलते मुख्यमंत्री की तरफ से निर्देश थे कि वे अधिकारियों से मिलकर तथा समस्याओं को मौके पर देखकर उनका समाधान निकालने की दिशा में काम करें। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश अनुसार ही आज नारनौल में पार्षद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच एक कोर्डिनेशन मीटिंग हुई है। जिसमें सबसे पहले यह जानने का प्रयास किया गया है कि किस तरह की समस्याएं उनके सामने आ रही है। इन समस्याओं को दूर करने में सरकार फिलहाल क्या कदम उठा रही है और उन समस्याओं को दूर करने में किस प्रकार कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में उन समस्याओं को नोट किया गया है ताकि अगली बैठक में उनका समाधान करके इस बारे में सभी को अवगत कराया जाए तथा बाकी समस्याओं के समाधान की योजना पर काम किया जा सके। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए नगर निकाय निदेशक यादव ने कहा कि छलक नाला नारनौल शहर का एक महत्वपूर्ण नाला है तथा मुख्यमंत्री घोषणा की परियोजना के तहत यह एक महत्वपूर्ण काम है। इसमें देरी होना निश्चित ही दुखदाई है। इसमें जो भी कोई समस्या आई है, उसे जल्द ही दूर किया जाएगा। इस नाले बाबत पिछले दिनों मॉनिटरिंग कमेटी की रिपोर्ट और नोटिंग पर नगर परिषद के प्रधान की जगह उपप्रधान के साइन अधिकारी द्वारा करवा लिए जाने के सवाल का जवाब देते हुए निदेशक ने कहा कि यह मामला अभी वह डिटेल में देखेंगे। यदि वास्तव में कोई अधिकारी बिना काम हुए पेमेंट करता है, तो यह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी बनेगी और उसे पर कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने यह भी माना कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने में खामियां उनके सामने आई है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि फर्म जितना घरों से कूड़ा उठाती है उसे उतना ही भुगतान करें। यदि इसके बाद भी फर्म बार-बार गलत काम करती है तो उसके टेंडर को रद्द करके नई एजेंसी को लाया जाएगा।



#### कुछ पार्षदों ने भी मीटिंग में रोया अपना दुखड़ा, पत्र भी सौंपे

लघु सचिवालय परिसर में चल रही इस मीटिंग के दौरान वैसे तो सभी पार्षदो ने बारी-बारी अपनी डिमांड आदि रखी, लेकिन तीन चार पार्षदों ने खुलकर अपना दुखड़ा भी रोया। नगर पार्षद अजय सिंगल ने कहा कि उसका वार्ड 31 वार्डों में से सबसे बड़ा है, लेकिन अधिकारी उसके वार्ड में ना तो सफाई व्यवस्था और न ही लाइट व्यवस्था की तरफ ध्यान दे रहे हैं। उसके वार्ड को दो भागों में बांटा जाए।

अजय सिंगल ने यहां तक भी कहा कि नगर परिषद के कुछ अधिकारी पार्षदों को कोई तवज्जो नहीं देते हैं । पार्षदों को अधिकारियों से मिलने के लिए पर्ची देनी पड़ती है। पार्षद अजय सिंगल ने निकाय निदेशक को चार बिंदुओं वाला एक पत्र भी सौंपकर उस पर कार्रवाई की मांग की। जिसमें बरसात के समय नालों की सफाई के लिए 40 लाख रूपए के टेंडर की विजिलेंस जांच करवाने, काम पूरा न होने तक छलक नाले का भुगतान रोकने, डोर टू डोर सफाई का टेंडर रद्द करने तथा शहर में लाइट की खरीद व्यवस्था शुरू करवाने की मांग की गई है। गांव नीरपुर से पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा ने कहा कि उनके गांव नीरपुर को नगर परिषद से हटाकर वापस पंचायत में शामिल किया जाए।

इसी प्रकार पार्षद संदीप भांखर ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी पार्षदों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं देते हैं। पटीकरा गांव से महिला पार्षद ऋतु के प्रतिनिधि भास्कर ने कहा कि वह तो पार्षद बनकर अपने आप को बड़ा शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। सडक़ के बीच दो फीट एक छोटे से गड्ढे को भरवाने में भी वह अपने आप को समर्थ पा रहे हैं।

## खबर फटाफट

### घर से लापता हुई 18 वर्षीय लड़की जोधपुर राजस्थान से बरामद कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता हुई लडक़ी को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा 18 वर्षीय लडक़ी 15 सितंबर को अपने घर से बिना बताए कहीं निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गयाए नहीं मिलने पर परिजनों के द्वारा थाना आदर्श नगर में लडक़ी के गुमशुदगी के संबंध में सूचना दी गई। थाना पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लडक़ी की तलाश की गई। मामले में क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा लडक़ी के संबंध में राजस्थान के जोधपुर का पता लगाया गया। क्राइम ब्रांच के प्रभारी द्वारा तुरंत एक टीम नियुक्त कर लडक़ी को बरामद किया गया। लडक़ी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह अपने परिजनों के साथ किसी बात को लेकर नाराज थी। अब वह परिजनों के साथ जाना चाहती है। गुमशुदा लडक़ी के परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए परिजनों के हवाले किया गया।

### कांटी खेड़ी गांव की महिला गायब

**नारनौल।** हरियाणा के नारनौल में अटेली थाना अंतर्गत आने वाले कांटी खेड़ी गांव से एक महिला गायब हो गई। इस बारे में महिला के पति ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पति के अनुसार महिला इससे पूर्व भी घर से गायब हो गई थी, जो बाद में भीमपुरा गांव में मिली। पुलिस को दी गई शिकायत में अटेली के गांव खेडी अहीर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी सुबह-सुबह घर से करीब 2 बजे गायब हो गई। वह अपने साथ उसका फोन भी ले गई। शिकायत में बताया है कि करीब दो महीने पूर्व भी उसकी पत्नी गायब हो गई थी। इसके बाद वह भीमपुरा गांव में मिली। उन्होंने बताया कि अब फिर से गायब हो जाने के बाद उसकी सभी रिश्तेदारियों में तलाश शुरू कर दी, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। उसे शक है कि कोई व्यक्ति उसे भाग ले गया तथा उसे कहीं छुपा रखा है। उसने पुलिस से गुहार लगाकर अपनी पत्नी की तलाश करने की मांग की है।

### पित्जा हाउसों को बंद करवाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की

**नारनौल।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुराने बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, नारनौल रोड, पर स्थित पिज्जा हाउसों को बंद करवाने के लिए एक ठोस कदम उठाने की मांग अब तुल पकडऩे लगी है। कस्बावासी प्रवेश कुमार, रतिराम यादव, विनोद कुमार, धर्मपाल सिंह, लक्ष्मीनारायण, मुकेश कुमार, विद्या रत्न, कृष्णा देवी, मनी देवी ,पुष्पा देवी, कमला देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, सरला देवी आदि ने बताया कि इन पिज्जा हाउसों में गलत कार्य होने के वजह से युवक बुरी आदतों को ग्रहण करने पर लगे है। कस्बा वासियों का कहना है कि इस सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस को भी कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। कस्बासियो का कहना है कि यह काम इसी तरह चलता रहा तो मजबूर होकर उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटा आएंगे साथ ही सीएम विंडो में भी इसकी शिकायत दर्ज करने पर मजबूर होंगे। कस्बावासियों ने संबंधित विभाग से मांग करते हुए कहा है। कि इस प्रकार की समस्याओं से तुरंत प्रभाव से छुटकारा दिलाया जाए वरना इन पिज्जा हाउस के संचालकों के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन करने को लोग मजबूर होंगे। उक्त लोगों ने बताया कि पिज्जा हाउस के संचालक पुलिस प्रशासन से मिलकर मोटी कमाई करने के चक्कर में लगे हुए हैं क्योंकि इन पिज्जा संचालक को की वजह से स्कूल कॉलेज में जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे व युवक-युवतियां गलत कार्य करते नजर आते हैं जिसको लेकर स्कूलों में व कॉलेज में पढ़ने वाली युवक -युवतियों के अभिभावकों पर भी इस प्रकार की गलत संगत का असर सरेआम होता नजर आ रहा है जिसको लेकर सामाजिक ताना-बाना एकदम खंडित होता नजर आ रहा है। अगर पुलिस प्रशासन ने उनके खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो अटेली क्षेत्र के अभिभावक इन पिज्जा हाउसो के संचालकों के खिलाफ एक बहुत बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### निजी स्कूल संचालकों की मनमर्जी के आगे प्रशासन बेबस

**चंदपुरा।** अटेली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में निजी स्कूल संचालकों की मनमर्जी के आगे प्रशासन एकदम बेबस होता नजर आ रहा है, क्योंकि निजी स्कूल संचालक विद्यार्थियों का आवागमन करने पर इस प्रकार के वाहनों का उपयोग किया जा रहा है कि न हीं तो उनके कोई कागजात है तथा न हीं कोई उनका दुर्घटना बीमा तथा नहीं उनकी सरकार के द्वारा कोई आधिकारिक कागज है। जिसको लेकर क्षेत्र के अभिभावक इन संचालकों के खिलाफ भारी रोष भरा हुआ है, क्योंकि आए दिन इन स्कूल वाहनों से कोई न कोई दुर्घटना अवश्य घटती रहती है लेकिन स्कूल संचालक उच्च अधिकारियों से मिले भगत कर इस प्रकार के वाहनों सडक़ों पर दौड़ते नजर आते हैं कि उन पर कोई रोक-टोक ही नहीं होती क्योंकि इस क्षेत्र के भोले -भाले अभिभावक इनकी शिकायत उच्च अधिकारियों तक नहीं कर पाते हैं कोई शिक्षित अभिभावाक ही इस प्रकार का ठोस कदम उठाता है कि उनका बच्चा किसी अनहोनी घटना का शिकार ना हो जाए इस विषय में गांव खैराना, खैरानी मोहल्डा, मुंडिया खेड़ा, झीगावन, राता कला, राता खुर्द कोका, चेलावास आदि गांव के ग्रामीणों का कहना है कि निजी स्कूल के संचालक द्वारा इस प्रकार के वाहनों का प्रयोग कर रहा है कि उनके न हीं तो कागजात है तथा कागज है वह भी अधूरे पाए गए हैं जिसको लेकर अभिभावक इस बात से चिंता उत्पन्न हो रही है कि बच्चों को इस प्रकार के वाहनों में आगमन करने से काफी परेशानी उत्पन्न हो सकती है इसलिए अटेली क्षेत्र के ग्रामीण अभिभावकों का कहना है कि सरकार के आदर्शों के अनुसार चलने वाले वाहनों का ही प्रयोग किया जाना चाहिए अन्यथा इस प्रकार के स्कूल संचालकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी तथा अगर स्कूल संचालक अपनी हर धर्म से बाज नहीं आया तो सीएम विंडो या कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाना पड़ सकता है।

### गांव की प्राचीनतम श्री धार्मिक रामलीला मंचन हेतु रिहर्सल प्रारंभ

**कनीना।** आसपास के 30 गांव में गांव के प्राचीनतम रामलीला मंचों में शुमार श्री आदर्श रामलीला ट्रस्ट गांव भोजावास के बीच में सन् 1965 से लगातार भगवान राम की लीला का मंचन होता आ रहा है। जिसमें भोजावास के साथ-साथ लगते गांव पड़तल, ढाणा, मोडी, बोहका, मानपुरा, खैराना, खैरानी, सुंदरह, झिगावन, कोका, गोमला, गोमली, ढाणी जारावत, राता, मोहलडा, खारीवाडा आदि अनेक गांवों के लोग इस भव्य रामलीला मंचन को देखने के लिए आते हैं। इस वर्ष श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट के अनुभवी, वरिष्ठ एवं सुलझे हुए कलाकारों द्वारा प्रभु राम की 58वीं रामलीला का भव्य मंचन आगामी 15 अक्टूबर से किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य बाबूलाल रोहिल्ला ने बताया कि रामलीला का मंचन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा।

# मनोहर लाल की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं, सभी घोषणाएं पूरी की: रावत

## पृथला क्षेत्र की सभी सडक़ें होंगी पूरी तरह से चकाचक

**विधायक ने किया एक करोड़ 36 लाख की सडक़ों का शिलान्यास**



सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने क्षेत्र के लोगों को एक करोड 36 करोड़ की सडक़ों की सौगात देते हुए इनका शिलान्यास किया। इन सडकों में गदपुरी एवं ततारपुर में दिल्ली मथुरा रोड से गदपुरी तक बनने वाली सडक़ का विधायक नयनपाल रावत की उपस्थिति में ग्रामीणों द्वारा नारियल फुड़वाकर शिलान्यास करवाया गया। विधायक रावत ने बताया कि यह सडक़ 1.150 किलोमीटर लम्बी हैं और करीब 29 लाख की लगत से बनेगी एवं असावटी से ततारपुर वाया जटोला तक बनने वाली सडक़ जो 2 किलोलमीटर लम्बी जो करीब 1.07 करोड की लागत से बनकर तैयार होगी। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है और प्रदेश के विकास के लिए जो घोषणाएं उन्होंने की उन्हें पूरा भी किया, यही कारण है कि आज प्रदेश में सबका साथ-सबका विश्वास और सबका विकास की नीति के तहत कार्य किए जा रहे है और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास भी शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पूरे क्षेत्र में सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है और आने वाले समय में पृथला क्षेत्र में एक भी टूटी सडक़ नहीं रहेगी, सभी सडक़ों को पूरी तरह से चकाचक बना दिया जाएगा।इस अवसर पर नीरज सरपंच, सुरेंदर सरपंच, गिर्राज सरपंच, रवि सरपंच, नरेश पूर्व सरपंच, सूबे, बिशन, सुखबीर, बलदेव सोफ्ता, कारन हरफली, परवीन बघेल, अजय डागर सरपंच, सहाबुद्दीन सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में फरीदाबाद में विकास पकड़ रहा गति: नरेंद्र गुप्ता

## विधायक नरेंद्र गुप्ता ने आरएमसी रोड की जनता को समर्पित

**लगभग 40 लाख रुपए की लागत से बनाई गया आरएमसी रोड**

**कहा कि लोग थोड़ा धैर्य बनाए रखें, गुणवत्ता युक्त कार्यों में थोड़ी देरी अवश्य होती है परंतु वह विकास स्थाई होता है**



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास तेजी से गति पकड़ रहा है। उन्होंने आज हीवो अपार्टमेंट्स व मैगपाई टूरिस्ट रिसॉर्ट के पास सैक्टर-16ए में आरएमसी रोड को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, संदीप बंसल, नरेंद्र जैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि एक ही टेंडर में उक्त दोनों आरएमसी रोड लगभग 40 लाख रुपए की लागत से बनाई गई। उन्होंने कहा कि कोरोना के चलते विकास कार्य बाधित रहे परंतु कोरोना जाते ही मुख्यमंत्री मनोहरला के दिशा-निर्देश पर युद्ध गति से गुणवत्तायुक्त विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग, डेवलप्ड रोड सहित कई सौगात मुख्यमंत्री ने उन्हें दी हैं और उनका प्रयास है कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास के पैमाने पर अव्वल रहे। सडक़, पानी , सीवरेज के साथ-साथ फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए भी वे लगातार कार्य कर रहे हैं परंतु बिना जनभागीदारी व सहयोग के यह संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग थोड़ा धैर्य बनाए रखें। गुणवत्ता युक्त कार्यों में थोड़ी देरी अवश्य होती है परंतु वह विकास स्थाई होता है। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत भी किया और उनका आभार व्यक्त किया।

# विद्यार्थियों को प्रदान किए कंप्यूटर सर्टिफिकेट

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गवर्नमेंट महिला पॉलिटेक्निक की प्रिंसिपल मीनू वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर मानव कंप्यूटर सेंटर के 15 विद्यार्थियों को पास सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। मानव सेवा समिति यह पुण्य कार्य 1999 से कर रही है। समिति समाज सेवा को एक मिशन मानकर जरूरतमंदों की हर संभव सहायता कर रही है। चेयरमैन महिला मंडल उषा किरण शर्माए अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने मुख्य अतिथि मीनू वर्मा को सम्मान पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। सेंटर कोऑर्डिनेटर एकता मैडम ने कहा कि एक नवंबर से तीसरे बैच की कंप्यूटर ट्रेनिंग शुरू की जाएगी। जो 6 महीने की बेसिक एडवांस्ड व एक्सेल कंप्यूटर ट्रेनिंग करना चाहते हैं वे मानव भवन में आकर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। कार्यक्रम में राजेंद्र गोयनका, राज राठी, कमला वर्मा, कुसुम वशिष्ठ, बांके लाल सितोनी मौजूद रहे।

# नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला काबू

**दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की थी डिमांड**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। थाना सेक्टर-8 प्रभारी नवीन कुमार की टीम पुलिस चौकी सेक्टर-11 ने चेक बाउंस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम संदीप है। आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी देहात का रहने वाला है। शिकायतकर्ता महिला अपनी शिकायत में बताया की आरोपी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की डिमांड की थी। जिसमें पीड़िता ने आरोपी को नकद व ऑनलाईन 7 लाख की पेमेंट वर्ष 2017 में की थी। पीड़िता की नौकरी नहीं लगने पर आरोपी से पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने आनाकानी की व बाद मे वर्ष 2018 में 4 लाख रुपए का चेक दिया। आरोपी द्वारा दिया गया चेक बाउंस होने पर पीड़िता ने अदालत में आरोपी के खिलाफ केस किया। माननीय अदालत तरुण चौधरी जेएमआईसी फरीदाबाद के द्वारा चेक बाउंस के केस में सुनवाई करने पर आरोपी माननीय अदालत में पेश नहीं होने पर आरोपी को 13 सितंबर 2023 को पीओ घोषित किया गया था। पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी मोहित कुमार की टीम मुख्य सिपाही अरुण कुमार और मनोज कुमार की टीम के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से अंकुर विहार लोनी देहात से गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# पुलिस ने यात्रियों को किया साइबर क्राइम को लेकर किया जागरूक



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पुलिस कमिश्नर राकेश आर्य के निर्देश पर साइबर सुरक्षा महीना कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी सुरेन्द्र की टीम ने विभिन्न स्थलों पर आमजन को साइबर ठगी करने वालों से डिवाइस को कैसे रखें सुरक्षितए बचाव के बारे में विस्तार से बताया। जागरूकता ही बचाव है। साइबर स्वच्छता या साइबर सुरक्षा स्वच्छता किसी संगठन या व्यक्ति उपयोगकर्ताओं द्वारा ऐसा अभ्यास है जो उपकरणों, नेटवर्क और डेटा की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से किया जाता है। साइबर स्वच्छता के लाभ स्वयं बोलते हैं। अच्छी साइबर स्वच्छता बनाए रखकर एक संगठन अपनी समग्र सुरक्षा स्थिति में सुधार करके परिचालन रुकावटों, डेटा समझौता और डेटा हानि के जोखिम को कम करता है। किसी उद्यम की सुरक्षा स्थिति उसके साइबर सुरक्षा कार्यक्रम की समग्र ताकत को दर्शाती है कि यह मौजूदा और उभरते खतरों का सामना करने के लिए कितनी अच्छी स्थिति में है। बुनियादी साइबर स्वच्छता इष्टतम साइबर सुरक्षा प्राप्त करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करती है। खराब साइबर स्वच्छता से सुरक्षा घटनाएं, डेटा समझौता और डेटा हानि हो सकती है। डेटा उल्लंघन के परिणामों में वित्तीय हानि, सरकारी जुर्माना, परिचालन डाउनटाइम, संगठनात्मक उथल-पुथल, संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान शामिल हो सकता है।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। थाना एनआईटी प्रभारी सुनीता की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी का नाम विनय कुमार है। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले के गांव हालदरपुर का व हाल में फरीदाबाद का रहने वाला है। पीड़िता के परिजनों ने शिकायत में बताया कि आरोपी 13 वर्षीय नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर कर अपने साथ ले गया था। जिसके साथ आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए लडक़ी को उत्तर प्रदेश के जालौन से बरामद किया गया। नाबालिक लडक़ी के बयान लीगल एड के सम्मुख तथा माननीय अदालत में 164 के बयान कराए गए। बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामले में पोक्सो एक्ट ईजाद की गई। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी टीम ने आरोपी को फरीदाबाद के एनआईटी जोन से गिरफ्तार किया है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी से पुलिस रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल को दिल्ली बदरपुर बॉर्डर महरौली से बरामद किया गया। आरोपी फरीदाबाद में पिछले करीब 6 महीने से रह रहा है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक अस्पताल में हेल्पर का काम करता है। मामले में पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# एशियन गेम्स में मेडलों का शतक पूरा करने पर अग्रवाल वैश्य समाज ने लड्डू बांटे

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। एशियन गेम्स में भारत द्वारा मेडलों का शतक पूरा करने पर ग्रेटर फरीदाबाद में अग्रवाल वैश्य समाज संस्था के पदाधिकारियों द्वारा लड्डू बांटकर खुशी मनाई। संस्था के वार्ड नंबर 34 के प्रधान नरेंद्र जैन ने बताया कि यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हमें अपने देश और अपने खिलाडिय़ों पर अत्यंत गर्व है। श्री जैन ने कहा कि ऐसे ही खिलाड़ी पदक पर पदक लाकर भारत का नाम विश्व में ऊंचा रखें। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ, पंडित विनय पांडे, मनीष, रोहित गिरिधर, ब्रह्मानंद मौजूद थे।

# रक्तदान कैंप में 45 यूनिट रक्त किया एकत्रित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नारनौल में सीएससी सेंटर मंढाणा, कोजिंदा, फैजलीपुर, सेका, ढाणी बाठोठा, युवा साथी ग्रुप हरियाणा उड़ान जन सेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा, नया सवेरा जनसेवा टीम, और श्रीजी स्टूडियो नारनौल द्वारा प्राइमरी हेल्थ सेंटर मंढाणा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र आर्य सीएमओ महेंद्रगढ़ ने फिता काटकर कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में 45 यूनिट एकत्रित की गई। कैंप की अध्यक्षता डा. लालचंद जोशी ने की। कैंप में विशिष्ट अतिथि हरीश भार्गव जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्रगढ़ तथा भाजपा युवा नेता मनोज सेकवाल रहे। मुख्यातिथि सीएमओ रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि संस्थाओं द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढक़र रक्तदान किया यह अच्छा संदेश है। इसके बाद उन्होंने विशिष्ट अतिथि के साथ मिलकर रक्तदान करने वालों को माला पहनकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि हरीश भार्गव ने रक्तदान कर रहे युवाओं को बैज लगाए। कैंप में जिला नागरिक अस्पताल की ब्लड बैंक टीम व रेड क्रॉस सोसाइटी का विशेष योगदान रहा। ब्लड बैंक टीम की इंचार्ज डा. संगीता यादव भी सिर में उपस्थिति रही। गांव के सरपंच मुकेश कुमार, उदय सिंह लंबरदार, डा. काजल यादव, डा. गीता यादव, जीतू रईस, डा. किशन देव शर्मा, संजय सैनी, गौतम सैनी, रोहतास नंबरदार, बनवारी पूर्व सरपंच, सुदेश, नवीन, बिरेंद्र, महिपाल सिंह, श्रीचंद लंबरदार, हरिराम, सुरेंद्र सिंह सूबेदार, नितेश, हरिओम, हितेश सेका, योगेश, दीक्षांत और प्रदीप आदि मौजूद रहे।

**रैली** | करनाल में होने वाली रैली में भाग लेंगे यूनियन के सैकड़ों वर्कर

# करनाल में हुंकार रैली होगी ऐतिहासिक : वीरेंद्र

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन एवं अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के आह्वान पर कल रविवार को करनाल के हुड्डा ग्राउंड में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। यह जानकारी सीटू जिला कमेटी के सेक्रेटरी वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। उन्होंने कहा कि इस रैली को सफल बनाने के लिए सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद ने पूरी ताकत झोंक दी। इस रैली में स्टार वायर वर्कर्स यूनियन, वाईएमसीए कर्मचारी यूनियन, आशा वर्कर यूनियन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन, आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर यूनियन, ऑटो रिक्शा ड्राइवर यूनियन, भारत गेयर वर्कर्स, हरियाणा टैक्स प्रिंट ओवरसीज वर्कर्स यूनियन, एवरी कामगार यूनियन, मिड डे मील वर्कर यूनियन, गैरियर आटो वर्कर यूनियन, चंदा फैक्ट्री वर्कर यूनियन, पायन परसीजन वर्कर यूनियन के सैकड़ो वर्कर भाग लेंगे। सीटू जिला कमेटी के नेताओं ने रैली की तैयारी के लिए फैक्ट्री में जाकर गेटों पर मीटिंगों को संबोधित किया। परियोजना कर्मियों को भी इस रैली में शामिल होने के लिए उनकी बैठकें आयोजित करके तैयार किया गया है।इस रैली में भाग लेने के लिए कर्मचारियों और फैक्ट्री वर्करों में भारी उत्साह है। रैली को सफल बनाने के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान महेंद्र सिंह, स्टार वायर के प्रधान लालाराम, वाईएमसीए के प्रधान लेखराम, आशा वर्कर की प्रधान हेमलता, आंगनबाड़ी की प्रधान देवेंद्री, हरियाणा टैक्स प्रिंट ओवरसीज के प्रधान सुरेंद्र मिश्रा, बीजीएल के प्रधान रवि ओएमपी के प्रधान अरविंद कुमार, बोनी पॉलीमर लिमिटेड के प्रधान धर्मेंद्र दुबे, गैरियर ऑटो लिमिटेड के जितेंद्र, एवरी कामगार के प्रधान राम तीरथ, मिड डे मील वर्कर की प्रधान कमलेश और पायन परसीजन के प्रधान वीरेंद्र शर्मा ने गेट मीटिंगों को संबोधित करते हुए सरकार पर चारों श्रम संहिताओं को पारित करके इन्हें कारखाने के मालिकों के हक में बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अधिकांश कारखानों में श्रम कानूनों की परी पालना नहीं होती है। मजदूरों का भारी शोषण हो रहा है। प्रबंधक किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर ठेके के मजदूरों को मुआवजा देने से सीधे तौर पर इंकार कर देते हैं। अब काम के घंटे निर्धारित नहीं है। पहले 8 घंटे काम लिया जाता था। अब कोई समय सीमा नहीं है।

# पांच दिन पहले घर से लापता युवती बरामद



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। थाना सूरजकुंड प्रभारी की टीम पुलिस चौकी अनखीर ने घर से लापता हुई 19 वर्षीय लडक़ी को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा लडक़ी 3 अक्टूबर को अपने घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया जिसके नहीं मिलने पर लडक़ी के गुम होने की सूचना थाना सूरजकुंड में दी गई जिस पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा लडक़ी की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से लडक़ी को उत्तर प्रदेश के आगरा से बरामद किया है। लडक़ी ने पूछताछ में बताया कि लडक़ी परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज थी जिसके कारण घर से अपनी सहेली के पास बिना बताए निकल गई थी। पुलिस की टीम द्वारा परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए गुमशुदा लडक़ी को हवाले किया है। गुमशुदा लडक़ी के परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

## खबर फटाफट

### आई फोन नहीं मिला तो फांसी पर लटक गया



**कुरुक्षेत्र :** लाडवा के गांव बूढा में एक युवक ने आई फोन नहीं मिलने पर नाराज होकर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह परिजनों को उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। विकास अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और आई फोन दिलाने की जिद कर रहा था। पिता कर्मबीर ने बताया कि शुक्रवार की रात को उसका बेटा विकास ने उससे कहा था कि सुबह वह आढ़ती को मंडी में सब्जी देने चला जाएगा। इसलिए उसे सुबह जल्दी उठा देना। सुबह वह उसे उठाने गया तो देखा कि वह फंदे पर लटका हुआ था।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से दो महिलाओं की मौत

**करनाल :** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने 2 वाहनों को टक्कर मार दी। जिससे दो महिलाओं की मौत हो गई। बताया जाता है कि नशे में धुत ड्राइवर स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। पुलिस ने उसकार पीछा मेरठ चौक के पास से पकड़ लिया।दुर्घटना दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर तरावड़ी के पास हुआ।पुलिस के अनुसार कई अन्य लोगों को गंभीर चोटें भी आई । ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### लिंक चैनल नहर टूटने से फसल हुई जलमग्न

**सोनीपत:** गांव बड़वासनी के पास करियर लिंक चैनल (सीएलसी) नहर फिर से टूटने पर किसानों की फसलें जलमग्न हो गईं। बता दें इस नहर से दिल्ली में पेयजल आपूर्ति की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 12 बजे यह नहर टूट गई थी। आशंका है कि इससे दिल्ली में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। सिंचाई विभाग का दावा कर रहा है कि पानी को पश्चिमी यमुना लिंक नहर में डायवर्ट कर दिया है। इससे दिल्ली को पूरे पानी की आपूर्ति हो सकेगी। नहर टूटने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। गोहाना-सोनीपत रोड से पानी बहने से वाहन चालकों की परेशानी का सामना करना पड़ा। रात को सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के एक्सईएन गुलशन कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे।उन्होंने पानी के बहाव के रोकने का प्रयास किया।

### धान व कपास फसल नष्ट करने का आरोप लगाया

**जींद :** नरवाना के गांव दनौदा खुर्द में एक किसान ने आरोप लगाया है कि तीन लोगों ने उसकी धान और नरमा की फसल पर राउंड-अप कीटनाशक दवा का स्प्रे कर के उन्हें नष्ट कर दिया।किसान ने कहा कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई है। सदर थाना नरवाना पुलिस नेमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित किसान के अनुसार उसकी फसलें पक कर तैयार हो चुकी थी और जल्द उनकी कटाई की जानी थी। उसने बताया कि जब वह खेत में नहीं था तब तीन आए लोग आए और फसलों पर राउंड-अप कीटनाशक दवा का स्प्रे कर दिया। इससे दोनों नष्ट हो गई। उसके आपत्ति करने पर उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### युवक को सर्बिया में बंधक बनाया

**अंबाला :** जिले के एक युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर ने सर्बिया में बंधक बना लिया गया है। वहां उसे तरह-तरह की प्रताड़ना दी गई। युवक को रिहा करवाने के नाम पर परिजनों से लाखों रुपए लिए गए हैं। अमेरिका में रह रहे बड़े भाई ने किसी तरह प्रयास करके आरोपियों की चुगंल से छोटे भाई को निकाला और अपने पास बुलाया। इस बारे में युवक की मां ने एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा से मुलाकात करके कार्रवाई की गुहार लगाई,। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिहोवा के 2 आरोपी एजेंट के खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ के दोषी बुजुर्ग को सुनाई पांच साल की जेल की सजा

**रोहतक :** शनिवार को एएसजे नरेश कुमार की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने एक कालोनी की आठ साल की बच्ची से अश्लील हरकत करने के मामले में 65 साल के बुजुर्ग को पांच साल कैद व तीन हजा रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जानकारी के अनुसार बच्ची जब वह गली में खेल रही थी, तब कॉलोनी के ही बुजुर्ग गली से गुजर रहे थे। उसने पहले उन्हें राम-राम कहा और फिर पैर छू लिए। बुजुर्ग ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। वह रोने लगी। जब आरोपी ने उसे छोड़ा। महिला आरोपी के घर गई और आपत्ति जताया।फिर पति-पत्नी ने पुलिस को शिकायत दी। सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद अदालत में केस शुरू हुआ।

### सिरसा-नोखा-सिरसा मेला स्पेशल ट्रेन 13 से चलेगी

**हिसार :** गुरु जम्भेश्वर मेले के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से 13 अक्टूबर से सिरसा-नोखा-सिरसा मेला स्पेशल (01 ट्रिप) रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04715, सिरसा-नोखा मेला इस दिन सिरसा से सुबह 07.45 बजे रवाना होकर शाम 6.00 बजे नोखा पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 04716, नोखा-सिरसा मेला स्पेशल 15 अक्तूबर को नोखा से सुबह 9.00 बजे रवाना होकर शाम 06.45 बजे सिरसा पहुंचेंगी। यह रेलसेवा मार्ग में डींग, भट्टू, मंडी आदमपुर, जाखोद खेडा, हिसार, चड़ोद, सिवानी, झुंपा, सादुलपुर, चूरू, रतनगढ व बीकानेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। यह ट्रेन हिसार रेलवे स्टेशन पर सुबह 9.20 बजे पहुंचेंगी। यहां पांच मिनट ठहराव के बाद रवाना होगी।

### हिसार में कृषि मेले की तैयारियां पूरी

**हिसार:** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार से तीन दिवसीय कृषि विकास मेले का आयोजन होगा। मेले का शुभारंभ रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कृषि विकास मेले की तैयारियों का शनिवार को डीसी उत्तम सिंह व एसपी मोहित हांडा ने जायजा लिया। मेले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मेले में हरियाणा के साथ ही राजस्थान और पंजाब के किसान भी पहुंचेंगे।

---

कमीशन ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं

# ग्रुप-डी भर्ती की परीक्षा के बाद परिणाम एक महीने में होगा जारी

**आयोग ने सीएम से मांग की गई है कि परीक्षा में करीब 12 लाख युवा हरियाणा रोडवेज की बसों में यात्रा करेंगे, अतः किराया माफ होना चाहिए**

भरोसा मित्र





**चंडीगढ़।** हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ग्रुप-डी की परीक्षा के परिणाम को एक महीने बाद ही आयोग जारी कर देगा।आयोग की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीएम ने भी कह चुके हैं कि परीक्षा 21 और 22 अक्टूबर को होगी। आयोग यह परीक्षा हरियाणा के 18 जिलों में करेगा।

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने ग्रुप-डी के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के लिए राज्य के 18 जिलों में 1072 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इस बार 18 जिलों में 1072 परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

बताया गया कि इन सेंटरों में चंडीगढ़ का भी नाम शामिल है। कमीशन ने दावा किया है कि इन परीक्षा केंद्रों पर 4 शिफ्टों में 11.84 लाख उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। एक शिफ्ट में इन केंद्रों पर 3,47,869 परीक्षार्थी एग्जाम में बैठ सकेंगे।

इसी माह में होने वाली ग्रुप डी के युवाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा पर अभी फैसला नहीं हो पाया है। हालांकि आयोग की ओर से सीएम से मांग की गई है कि परीक्षा में करीब 12 लाख युवा हरियाणा रोडवेज की बसों में यात्रा करेंगे। ऐसे में इन युवाओं का बस का किराया माफ होना चाहिए।

इस संबंध में बताया गया कि अब सीएम को ही इस पर फैसला लेना है। इससे पहले ग्रुप सी की हुई सीईटी परीक्षा में सरकार की ओर से रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा का फैसला किया गया था।

21 और 22 अक्टूबर को होने वाली इस परीक्षा का समय सुबह 10 से 11.45 बजे और दोपहर बाद 3 से 4.45 बजे तक का रहेगा। बता दें कि इस परीक्षा के लिए करीब 11.5 लाख लोगों ने आवेदन किए हैं।

इस संबंध में चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि महिलाओं के सेंटर 50 किलोमीटर से दूर नहीं रहेंगे। उन्होंने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से जो भी एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे उन पर सही एड्रेस ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बात के लिए एनटीए को आयोग की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

**पंचकूला में परीक्षा केंद्र**

परीक्षाओं के बारे में कमीशन के चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि इमरजेंसी के दौरान पंचकूला में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। यहां पर भी परीक्षाएं कराई जा सकती हैं।

---

# रोहतक से खाटू श्याम दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई गई

**रेलगाड़ी शाम को रींगस से चलकर वापस रोहतक पहुंचेगी। जिससे श्रद्धालु 24 घंटे में दर्शन करके वापस आ पाएंगे**

भरोसा मित्र



**रोहतक।** यहां से खाटू श्याम दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई गई है। रोहतक-रींगस ट्रेन को सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सांसद ने खुद भी इस ट्रेन में सफर किया। सांसद ने कहा कि वे खाटू श्याम के लिए स्पेशल ट्रेन चलवाने के लिए करीब 7 घंटे रेल मंत्रालय में रहे थे और जब सकारात्मक जवाब मिला तो वहां से आए थे। जिसके बाद श्रद्धालुओं को यह सौगात मिली है।

सांसद ने कहा कि इस ट्रेन की खासियत यह रहेगी कि इसमें जाने वाले श्रद्धालु उसी दिन खाटू श्याम के दर्शन करके वापस आ सकेंगे। यह ट्रेन अल सुबह रोहतक से लेगी और रींगस पहुंचेगी। वहीं शाम को रींगस से चलकर वापस रोहतक पहुंचेगी। जिससे श्रद्धालु 24 घंटे में दर्शन करके वापस आ पाएंगे। जिसके लिए टाइम टेबल निर्धारित किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि ने बताया कि श्रद्धालुओं की लंबे समय से मांग थी। जिसको देखते हुए यह स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। वहीं यह रोहतक से चलेगी और झज्जर, रेवाड़ी व नीम का थाना होते हुए रिंगस तक जाएगी। पहले खाटू श्याम के लिए केवल मेला स्पेशल ट्रेन चलती थी, अब यह नियमित चलेगी।

**वंदे भारत ट्रेन दिलाने के प्रयास**

डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन जो जयपुर से चलाई जाएगी, वह वाया रोहतक चले। इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि रोहतक को एक वंदे भारत ट्रेन भी चंडीगढ़ के लिए मिले। साथ ही हिसार इंटरसिटी ट्रेन का सदर बाजार रेलवे स्टेशन पर ठहराव की यात्री मांग कर रहे हैं। उसके लिए रेल मंत्री से मिलकर ठहराव करवाया जाएगा।

---

# हाउसिंग बोर्ड 26 अक्टूबर से शुरू करेगा 17 जिलों में संपत्तियों की नीलामी

**ईएमडी डिपॉजिट के लिए अंतिम तिथि 23 अक्टूबर रखी गई**

भरोसा मित्र



**चंडीगढ़।** हाउसिंग बोर्ड राज्य के 17 जिलों में संपत्तियों की नीलामी शुरू करेगा।

इनमें आवासीय, व्यवसायिक एवं संस्थागत प्रॉपर्टियों की ई-ऑक्शन की जाएगी। रोहतक, सोनीपत, हिसार, पानीपत, रेवाड़ी, पलवल, सोनीपत, यमुनानगर, अलीपुर, झज्जर, सिरसा, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, सोहना, अंबाला कैंट व करनाल में रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी शामिल है।

जबकि बहादुरगढ़ में इंस्टीट्यूशनल प्रॉपर्टी तथा सिरसा तथा मतलौडा में कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की ई-नीलामी की जाएगी।

जानकारी के अनुसार बोर्ड ने बताया गया है कि एचटीटीपी///एचबीएच.गोव.इन पोर्टल के माध्यम से 26 अक्टूबर को ई-नीलामी होगी। ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट) डिपॉजिट के लिए 23 अक्टूबर की लास्ट डेट फिक्स की गई है।इस तिथि तक आवेदकों को अपना आवेदन करना होगा।

बोर्ड द्वारा एक हजार रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी पंजीकरण शुल्क तथा 500 रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित किया गया है।

बोर्ड की ओर बताया गया कि कि ई-नीलामी उक्त पोर्टल पर सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

बोर्ड की ओर इस संबंध में स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें आदि हाउसिंग बोर्ड हरियाणा की ईमेल एचबीएच ईऑक्शन 2020एट द रेट जी मेल डॉट कॉम से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बावजूद किसी को कोई अन्य परेशानी आती है तो वह बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर 0172-3520001 पर प्राप्त की जा सकता है।

---

# विभिन्न दलों के नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

**सभी ने हुड्डा और उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की**

भरोसा मित्र





**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में एकबार फिर बड़े पैमाने पर ज्वाइनिंग हुई है। बीजेपी, जेजेपी, इनेलो, आप, अकाली दल और आरएसएस समेत विभिन्न संगठनों के 100 से ज्यादा पदाधिकारियों, सरपंचों, पंचों, पूर्व अधिकारियों और सैंकड़ों की तादाद में सक्रिय कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

इनमें 36 बिरादरी से संबंध रखने वाले इन नेताओं में प्रमुख रूप से रेखा दहिया (आप महिला जिला अध्यक्ष, रेवाड़ी और पूर्व प्रत्याशी बावल विधानसभा), राजकुमार बाल्मीकि (जेजेपी, पूर्व प्रदेश महासचिव, एससी प्रकोष्ठ), विनीत सिंह चिकारा (आरएसएस, जिला अध्यक्ष, संरक्षण विभाग, सोनीपत), डॉ. राजिंदर सिंह भट्टी (शिरोमणि अकाली दल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ), धर्मबीर धनखड़ (जेजेपी, प्रदेश महासचिव, बुद्धजीवी प्रकोष्ठ एवं सीएम विंडो सदस्य), रणसिंह मलिक (इनेलो पूर्व जिला अध्यक्ष, कर्मचारी संघ, सोनीपत), रोहित नागर, मोहित मलिक, रोहन नैन (बीजेपी जिला कार्यकारिणी सदस्य, सोनीपत) शामिल रहे।

इनके साथ उमेद सिंह (सेवानिवृत्त एचसीएस), बलवान सिंह (जेजेपी महासचिव, खरखौदा), ईश्वर रोहिल्ला (जेजेपी उप-प्रधान, बीसी सेल, खरखौदा), पवन जोगी (जेजेपी सचिव, बीसी सेल, खरखौदा), नरेंद्र हुड्डा (आप उपाध्यक्ष, यूथ विंग, सोनीपत), साहिल राणा (बीजेपी उपाध्यक्ष, एससी मोर्चा, सोनीपत), दिलबाग सिंह (पूर्व जिला महासचिव, युवा मोर्चा, खरखौदा), रामेश्वर फुरसानी बिश्नोई (प्रबंधक, दिल्ली बिश्नोई मंदिर, हलका आदमपुर), विक्रम धनाना (इनेलो, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष, रेवाड़ी), बिजेन्द्र सिवाच (इनेलो, पूर्व जिला महासचिव, सोनीपत), मनजीत मलिक (जेजेपी, युवा जिला महासचिव, सोनीपत), प्रकाश नरवाल (जेजेपी, हलका उप-प्रधान, बरोदा), बलवान प्रजापत (उपप्रधान, बीसी सेल, गन्नौर), रॉबिन मलिक (जेजेपी पूर्व युवा हलका अध्यक्ष, सोनीपत), किताब सिंह (जेजेपी, हलका सचिव, गन्नौर), प्रवीण प्रजापत (जेजेपी, हलका सचिव, बीसी सेल, गन्नौर), महेंद्र प्रजापत (जेजेपी, हलका महासचिव, खरखौदा), धनसिंह कश्यप (जेजेपी, हलका महासचिव, गोहाना), जय भगवान मलिक (जेजेपी, हलका महासचिव, गोहाना), वीरेंद्र लकड़ा (इनेलो, पूर्व युवा हलका अध्यक्ष, सोनीपत), राजेंद्र पांचाल (इनेलो, पूर्व हलका अध्यक्ष, बीसी सेल, खरखौदा), रमेश दहिया (जेजेपी, हलका उपाध्यक्ष, खरखौदा), बिल्लू सरोहा (पूर्व चेयरमैन, ब्लॉक समिति, गन्नौर), हेमचंद्र दहिया (सरपंच), सुधीर मलिक (सरपंच), पटवारी रिजकराम दहिया (कर्मचारी प्रकोष्ठ), रिटायर्ड हेड मास्टर कृष्ण लाल (कर्मचारी प्रकोष्ठ), ऐडवोकेट प्रमोद पाँवरिया (अधिवक्ता प्रकोष्ठ), रोहित धनकड़ (युवा नेता), पूर्व सरपंच धर्मबीर दहिया, पूर्व सरपंच राजकुमार, पूर्व सरपंच जयभगवान गढ़ी, जेजेपी नेता डॉक्टर नरेश लोहचब, आनंद मलिक (इनेलो नेता, जुलाना) ने भी कांग्रेस की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी ज्वाइन की।

इस कड़ी में फतेहाबाद सरपंच एसोसिएशन, हलका रतिया से रमेश (सरपंच), अनिल कंबोज (सरपंच), मोनपाल कंबोज (सरपंच), हेमराज शाक्य (सरपंच), प्रेम कंबोज (ब्लॉक समिति सदस्य), पंच जगदीश कंबोज, पंच जगदीप सिंह, पंच सिमरनजीत सिंह, पंच जसकरण सिंह एडवोकेट, भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष फतेहाबाद रामेश्वर, कालू राम पंच, सीताराम पंच, रविंदर पंच, सोनू पंच, सुनील यादव (सोशल मीडिया प्रभारी, बीजेपी साल्हावास मण्डल) और प्रधान किशन मलिक आदि ने एकसाथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की। दोनों नेताओं ने सभी का कांग्रेस में स्वागत किया और पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नई ज्वाइनिंग से पार्टी में नये जोश का संचार होता है। उन्हें उम्मीद है कि सभी साथी कांग्रेस की नीतियों और घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

---

### एसवाईएल पर पार्टियां कर रही दोगली राजनीति :जयहिंद

भरोसा मित्र

**रोहतक।** नवीन जयहिंद ने सेक्टर 6 के बाग स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सतलुज यमुना लिंक (के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट स्ङ्खस्के मुद्दे पर अपना फैसला दे चुका है, लेकिन उस फैसले को लागू नहीं किया गया। जिसके कारण हरियाणा वासियों को अपने हक का पानी नहीं मिल रहा।

उन्होंने राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दल स्ङ्खरु के मुद्दे पर दोगली राजनीति कर रहे हैं। पार्टियों के नेता पंजाब में जाकर कहते हैं कि स्ङ्खरुका पानी पंजाब का है। खून बहा देंगे, लेकिन पानी नहीं देंगे। जब उन्हीं पार्टियों के नेता हरियाणा में आते हैं तो कहते है कि पानी हरियाणा का है, इसके लिए खून तक बहा देंगे।

पत्रकार वार्ता में जयहिंद ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू नहीं होने पर कहा कि न्यायिक प्रणाली में सबसे बड़ा सुप्रीम कोर्ट होता है। जब सुप्रीम कोर्ट के फैसले ही लागू नहीं हो रहा तो कहां जाएं।

---

# सत्ता की भूख ने बिगाड़ा राहुल गांधी का संतुलन : जयप्रकाश दलाल

**कभी सुरजेवाला वोटर को धिक्कारते हैं तो कभी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं**

भरोसा मित्र



**चंडीगढ़।** कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने आज कहा कि सत्ता की भूख ने राहुल गांधी का संतुलन बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सोच समझकर राजनीति करनी चाहिए। यह सत्य है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, यहां हर आदमी को अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन भाषा का स्तर कायम रहना चाहिए। दलाल ने कहा कि कभी सुरजेवाला वोटर को धिक्कारते हैं तो कभी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करते हैं अभद्र भाषा का प्रयोग कभी राहुल की मां ने कहा मोदी को मौत का सौदागर कहती हैं।-राहुल को रावण कहने के सवाल पर दलाल ने कहा कि कांग्रेस की नीति को देखते हुए राहुल को जो कहा जा रहा है कांग्रेसी हैं वैसे ही।

आम आदमी पार्टी पर दलाल ने कहा कि जब तक हरियाणा के हिस्से का एसवाईएल का पानी नहीं मिलता तब तक हरियाणा के लोगों मन में केजरीवाल के लिए कोई जगह नहीं है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण यहां कि किसानों की वजह से नहीं है हम चाहते हैं किसान बिल्कुल ना चलाएं पराली इसीलिए हमने एक सप्ताह पहले शुरू की धान की खरीद। पराली जलाने की घटनाएं पंजाब में हरियाणा से 10 गुना ज्यादा होती है हरियाणा नहीं है प्रदूषण की वजह।

बाहर का बाजरा बीजेपी नेताओं द्वारा हरियाणा में लाने के विपक्ष के आरोपों पर बोले दलाल ने कहा कि हरियाणा में खरीदा जा रहा है सिर्फ हरियाणा के किसानों का बाजरा, उन्हीं के खातों में सीधे पैसेडाले जा रहे हैं। खास बात है कि जिन्होंने करवाया पंजीकरण उन्हीं का खरीदा जा रहा है बाजरा।

उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में नहीं बेच पाएगा कोई बाहर का बाजरा एक जिले के किसान ने दूसरी जगह दिखाई भी है तो उसकी कर रहे हैं छानबीन।

कृषि मंत्री ने कहा कि एक सप्ताह पहले शुरू की गई खरीद ताकि गेहूं की बिजाई व कटाई में ज्यादा समय मिले। ससे पराली जलाने की घटनाएं भी हुई हुई हैं। एमएसपी से भी धान की खरीद ज्यादा दामों पर हो रही है।

अढ़ाई लाख मैट्रिक टन बाजरे की हुई हैफेड ने बाजरा 80हजार मेट्रिक टन खरीदा है।

कांग्रेस संगठन के सवाल पर बोले जयप्रकाश दलाल पहले प्रदेश अध्यक्ष के साथ बनाए कार्यकारी अध्यक्ष अब जिला अध्यक्षों के साथ भी कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा पर भी दलाल ने चुटकी ली ।

उन्होंने कहा कि इस प्रथा के मुताबिक हर हल्के में होंगे चार प्रत्याशी। आज कांग्रेस में यही झगड़ा है। कांग्रेस चीजों को नहीं कर पा रही मैनेज। उसके अंदर गुटबाजी समाप्त नहीं हो पा रही।

---

**सेहत** | मानसिक स्वास्थ्य संस्थान ने डिजिटल एकेडमी शुरू करने की घोषणा की

# घर बैठे पाएं मानसिक तनाव दूर करने के परामर्श

भरोसा मित्र

**रोहतक।** मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक कम सीईओ डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि डिजिटल एकेडमी शुरू की जाएगी। इसके शुरू होने के बाद मरीजों को घर बैठे भी परामर्श दिया जा सकेगा। इंसान बीमार होने पर स्वस्थ होने के लिए तो ध्यान देता ही है, उनका प्रयास है कि लोग कोशिश करें कि स्वस्थ हैं तो स्वस्थ रहने की कोशिश करें और खुद को बीमारी से बचाकर रखें।

अपत्रकार वार्ता के डॉ. राजीव गुप्ता ने दौरान मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मानसिक तनाव का एक बड़ा कारण छोटा परिवार है। जो अपने दोस्तों, रिश्तेदारों व समाज के साथ ज्यादा समय व्यतीत नहीं करना चाहते, यह बहुत गलत है। हमें अपने लोगों के साथ कुछ समय जरूर बिताना चाहिए।

उन्होंने बताया कि आज हमने खुद को बहुत पाबंद कर लिया है। हम सिर्फ मोबाइल से सिमट कर रह गए है और मोबाइल को ही अपनी दुनिया समझ लिया है। हम थोड़ी देर भी एसी के बिना नहीं रह सकते, कुछ कदम पैदल चलने से हिचकिचाते हैं। हमें खुद के लिए जागरूक होना होगा और प्रतिदिन व्यायाम के लिए समय निकालें और पेड़ लगाकर अच्छा वातावरण बनाएं।

डा. गप्ता के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य संस्थान 7 से 13 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा। इस वर्ष की थीम मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानवाधिकार रखी गई है। जिसकी शुरुआत हो चुकी है। रविवार को गुरुग्राम में डॉ. ज्योति कपूर द्वारा सेंसीबल यूज आफ सेंस ऑर्गन फोर हेल्थ एंड वैल




बिंग विषय पर परिचर्चा रखी गई है।

उन्होंने बताया कि सोमवार को मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को मुख्यअतिथि के तौर पर कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना व विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, डीन डॉ. कुलदीप लालर, डीन एकेडमिक अफेयर डॉ. अशोक चौहान द्वारा चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में मेंटल हेल्थ डेस्क का उद्घाटन किया जाएगा और डिजिटल एकेडमी शुरू होगी।

**ये रहेंगी अन्य गतिविधियां**

इस मौके पर बताया गया कि कम्युनिटी साइकेट्री एंड प्राइमरी मेंटल हेल्थ विंग के चिह्न का विमोचन किया जाएगा। बुधवार को डॉ. विद्या सागर ब्लॉक में एक हेल्प डेस्क लगाई जाएगी और दूसरी टीम द्वारा सिविल अस्पताल झज्जर में एक व्याख्यान दिया जाएगा। गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के मरीजों गोहाना के मंदिर में भ्रमण करवाया जाएगा। वहीं शुक्रवार को सप्ताह के अंतिम दिन मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा और मानसिक स्वास्थ्य पर पैनल चर्चा की जाएगी।

---

### पानीपत में पटाखे चलाने की अनुमति दो घंटे ही मिली

**पानीपत :** स्थानीय प्रशासन ने दीपावली पर आतिशबाजी को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत लोग दीपावली पर केवल 2 घंटे ही पटाखे जला पाएंगे।

इस बार वह भी सिर्फ ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी गई है। साथ ही इसका उल्लंघन करने वालों पर ष्ठष्ट ने सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत, डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धार 144 और दा एक्सप्लोसिव एक्ट 1884 एंड दा एक्सप्लोसिव रूल्स के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में ग्रीन पटाखों को छोड़कर किसी भी तरह के पटाखों, लड़ीदार पटाखों और लड़ियों (अग्निशमन कार्यों में प्रयोग होने वाले बेरियम लवण) इत्यादि के उत्पादन, बिक्री और जलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।